Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Thursday, 08 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 201 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

यदि आप इस बात पर रोते हैं कि आपके जीवन से सूर्य चला गया है, तो आपके आंसू आपको सितारों को देखने से रोक देंगे।
– रवीन्द्रनाथ टैगोर

Amrutha Prem Bags Filmfare...

SHARE

सेंसेक्स	:	79,468.01
निफ्टी	:	24,297.50

SARAFA

सोना	:	6,520
चांदी	:	87.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

मजबूत हुआ बाजार सेंसेक्स 875 अंक चढ़ा निफ्टी 24300 के पास

MUMBAI : स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 875 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 24,000 अंक के स्तर को पार कर गया। दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में तेजी तथा निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 874 .94 अंक यानी 1.11 प्रतिशत उछलकर 79,468 .01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,046 .13 अंक चढ़कर 79,639 .20 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 304 .95 अंक यानी 1 .27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,297 .50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 345 .15 अंक उछलकर 24,337 .70 अंक पर पहुंचा था।

राज्यसभा के लिए 9 राज्यों की 12 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

NEW DELHI : चुनाव आयोग ने 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव कराए जाने की घोषणा की है। इन सीटों पर 3 सितंबर को मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आएंगे। असम, बिहार और महाराष्ट्र से दो-दो तथा हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा से एक-एक सीट के लिए मतदान होगा। इन सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू होगी और असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और त्रिपुरा के लिए 26 अगस्त तथा बिहार, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना और ओडिशा के लिए 27 अगस्त को नाम वापसी के साथ नामांकन प्रक्रिया पूरी होगी।

झारखंड में इस्पात संयंत्र में हुए विस्फोट में तीन और लोगों की मौत

HAZARIBAG : हजारीबाग में इस्पात संयंत्र में विस्फोट होने से गंभीर रूप से घायल हुए तीन और श्रमिकों की बुधवार को मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बताया कि विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बरही स्थित संयंत्र की 'इंडक्शन फर्नेस' इकाई में विस्फोट होने से दो श्रमिकों की मौत हो गई थी। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'विस्फोट में कुल सात श्रमिक घायल हुए। इनमें से दो की मौत कल हुई जबकि तीन अन्य ने आज दम तोड़ दिया।' उन्होंने बताया कि हजारीबाग अस्पताल में भर्ती दो अन्य घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। बरही थाने के प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मंगलवार को हजारीबाग में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि चार श्रमिकों को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) रेफर कर दिया गया था। चार में से एक की मंगलवार देर शाम अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

पहलवान विनेश फोगाट के सुनहरे ओलंपिक सफर का दुखद अंत, प्रधानमंत्री ने बढ़ाया हौसला

सौ ग्राम वजन अधिक होने का हवाला देकर घोषित किया अयोग्य

फैसले के खिलाफ 'भारतीय कुश्ती महासंघ ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू में की अपील, विपक्ष ने किया षड्यंत्र का दावा, खेल मंत्री ने दिया जवाब

AGENCY PARIS

सेमीफाइनल जीतने के बाद विनेश ने कहा था , 'कल बड़ा दिन है , कल बात करूंगी।' लेकिन किसे पता था कि उनके साथ पूरे देश की उम्मीदें यूं सौ ग्राम के बोझ तले दब जायेंगी। पेरिस ओलंपिक में देश को स्वर्ण दिलाने से एक जीत की दूरी पर खड़ी विनेश फोगाट 50 किलोवर्ग के फाइनल में वजन के लिये खड़ी हुई तो उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा निकला जिससे वह अपने कैरियर के सबसे बड़े दिन अयोग्य करार होकर ओलंपिक से बाहर हो गई। भारतीय अधिकारियों ने सौ ग्राम वजन कम करने के लिये लाख गुहार लगाई लेकिन नियम बदला नहीं जा सकता था। इससे विनेश का ओलंपिक में सुनहरा सफर यूं दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से खत्म हो गया। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। सुबह तक उनका कम से कम रजत पदक पक्का लग रहा था लेकिन अब वह बिना किसी पदक के लौटेंगी। 29 वर्ष की विनेश को खेलगांव में पोली क्लीनिक ले जाया गया क्योंकि सुबह उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी।

विनेश फोगाट ● पीटीआई

प्रधानमंत्री ने किया पोस्ट

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने इस मामले में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा से तफ्सील से जानकारी ली और विभिन्न विकल्पों के बारे में भी पूछा । उन्होंने विनेश की मदद के लिये इस फैसले के खिलाफ सख्त विरोध दर्ज कराने के लिये भी कहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विनेश की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि वह भारत का गौरव हैं और उन्हें मजबूती से वापसी करनी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'विनेश आप चैम्पियनों में चैम्पियन हो। आप भारत का गौरव हो और हर भारतीय के लिये प्रेरणास्रोत हो।' उन्होंने आगे लिखा, 'आज के झटके से दुख पहुंचा है। काश मैं शब्दों में बता पाता कि इस समय कितना मायूस हूं। लेकिन मुझे पता है कि आप फिर वापसी करोगी। चुनौतियों का डटकर सामना करना आपके स्वभाव में है। मजबूती से वापसी करो। हम सभी आपके साथ हैं।'

षड्यंत्र की आशंका : विपक्ष

NEW DELHI : विपक्षी दलों ने महिला पहलवान विनेश फोगाट के ओलंपिक स्पर्धा से अयोग्य घोषित किए जाने के पीछे षड्यंत्र की आशंका जताई और सवाल किया कि अचानक फाइनल मुकाबले से पहले उनका वजन 100 ग्राम कैसे बढ़ा तथा सरकार स्तर पर क्या किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सिर्फ 'एक्स' पर पोस्ट कर देने से काम नहीं चलेगा और देश की बेटी को न्याय मिलना चाहिए। विपक्षी दलों के सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों से वाकआउट भी किया। विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलोग्राम कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था।

आईओए को दिया निर्देश : मंत्री

NEW DELHI : सरकार ने बुधवार को लोकसभा को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलम्पिक में पहलवान विनेश फोगाट के प्रतियोगिता से बाहर होने के मामले में भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) को जरूरी कार्रवाई के लिए कहा है। खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने विनेश फोगाट के मामले में सदन में दिये बयान में कहा कि आईओए की प्रमुख पीटी उषा पेरिस में ही हैं और प्रधानमंत्री ने उनसे खुद बात की है। मांडविया ने कहा कि विनेश का वजन 50 किलोग्राम से 100 ग्राम अधिक पाया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारतीय ओलम्पिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ से कड़ा विरोध भी दर्ज कराया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्यहभारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी पेरिस में हैं। प्रधानमंत्री ने स्वयं उनके साथ बातचीत करके उचित कार्रवाई के लिए उन्हें कहा है।'

स्वदेश लौटीं मनु भाकर

NEW DELHI : पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ने बुधवार को कहा कि उनकी निगाहें अभी से 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर लगी हुई हैं और वह भविष्य में लगातार अच्छे नतीजे देने के लिए कड़ी मेहनत करती रहेंगी। मनु भाकर (22 वर्ष) ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए ओलंपिक इतिहास रच दिया। स्वदेश लौटी मनु ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, 'एक ओलंपिक के खत्म होने के बाद अब मेरे दिमाग में अगला ओलंपिक चल रहा है और इसके लिए सफर शुरू हो चुका है।



युवाओं के इंटर्नशिप के लिए पहले 20 कंपनियों को मौका

NEW DELHI:

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में युवाओं के लिए कई योजनाओं का एलान किया। इनमें से एक बड़ी स्कीम है- युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना। इसी सिलसिले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सरकार ने अब पीएम इंटर्नशिप योजना पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत इस स्कीम को शुरू करने के लिए उद्योगों से बात करना शुरू कर दिया है।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार ने इस योजना के लिए 500 से ज्यादा कंपनियों की सूची तैयार की है। अभी मंत्रालय ने 20 कंपनियों के साथ चर्चा की है। अन्य कंपनियों से भी चर्चा करने की तैयारी है। जैसे ही कंपनियों से चर्चा होगी

उसके बाद योजना को लेकर विस्तृत कार्ययोजना मंत्रालय द्वारा तैयार की जाएगी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर करीब 60,000 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। कुल 60,000 करोड़ रुपये में से 30,000 करोड़ रुपये राज्य सरकारें देंगी, बाकी पैसे कंपनियां सीएसआर के जरिए, खासकर उपकरण खरीदने के लिए, देंगी।

अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के उलट, कंपनियों पर इंटर्न को स्थायी नौकरी देने का कोई दबाव नहीं होगा। सरकार इंटर्नशिप भत्ते का 90 फीसदी हिस्सा देगी, बाकी 10 फीसदी कंपनियां देंगी और ट्रेनिंग का खर्च कंपनियां खुद उठाएंगी।

हेमंत सरकार ने विवि व कॉलेज के शिक्षकों-कर्मचारियों को दिया बड़ा तोहफा

ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग पूरी

PHOTON NEWS RANCHI:

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सरकार ने विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत महाविद्यालयों (घाटानुदानित अल्पसंख्यक महाविद्यालयों सहित) में पढ़ा रहे शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ-साथ पदाधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना कं अंतर्गत शामिल किए जाने को अपनी स्वीकृति दे दी है।

इसके साथ ही अंशकालीन व्याख्याताओं (संप्रति आवश्यकता आधारित शिक्षक) को रखने संबंधी पूर्व के संकल्प, जिसमें एआईसीटीई द्वारा निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात में अंशकालीन व्याख्याताओं को रखने संबंधी प्रावधान के आलोक में राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में पर्याप्त सृजित पदों के अभाव में पूर्व से रखे गए स्वीकृत पद से अतिरिक्त कार्यरत आवश्यकता आधारित (नीडबेस्ड) शिक्षक के मानदेय भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति तथा फूड टेक्नोलॉजी शाखा एवं आर्किटेक्चर असिस्टेंटशिप शाखा में शिक्षकों का पद स्वीकृत नहीं रहने की स्थिति में पूर्व से नामांकित छात्रों के पठन-पाठन के लिए दोनों शाखाओं में तत्कालिक व्यवस्था के तहत आवश्यकतानुसार 5-5 आवश्यकता आधारित शिक्षकों को रखने की स्वीकृति दी गई।

सरकार ने जनता को एक और बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित एयर एंबुलेंस सेवा की वर्तमान दरों में कटौती पर स्वीकृति दी गई। झारखंड वरीय न्यायिक सेवा (भर्ती, नियुक्ति एवं सेवाशर्तें) नियमावली-2001 के नियम 4 (ए) में उल्लेखित प्रावधान तथा झारखंड उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आलोक में झारखंड वरीय न्यायिक सेवा में जिला न्यायाधीश के पद पर 8 अभ्यर्थियों को सीधी भर्ती को हरी झंडी दी गई।

सरायकेला व गढ़वा में सहायक लोक अभियोजक पद स्वीकृत

राज्य के गढ़वा जिला अंतर्गत नगरउंटारी एवं सरायकेला-खरसावां अंतर्गत चांडिल में अनुमंडल अभियोजन कार्यालय का गठन करते हुए अभियोजन कार्य के संचालन के लिए अपर व सहायक लोक अभियोजकों एवं अराजपत्रित कर्मचारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

मानकी-मुंडा का बढ़ा मानदेय वन विभाग में नए पद सृजित

कैबिनेट मीटिंग में मानकी, परगनैत, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा, पराणिक, जोगमांझी, कुड़ाम नायकी, नायकी, गोडैत, मूल रैयत, ग्रामीण दिउरी (पुजारी), पड़हा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घटवाल एवं तावेदार को देय सम्मान राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति दी गई। वन विभाग में नए पद सृजित किए गए हैं।

चाईबासा व कोडरमा मेडिकल कॉलेज में पद सृजित

महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमशेदपुर में संविदा पर कार्यरत कर्मी, रसोईया सहायक एवं रसोईया की सेवा नियमित करने की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना के कार्यान्वयन तथा दिशा-निर्देश की स्वीकृति दी गई। नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन नियमावली-2023 में संशोधन करने की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना एवं आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों द्वारा उपार्जित राशि के उपयोग के दिशा-निर्देश की स्वीकृति दी गई। राज्य के कोडरमा व पश्चिमी सिंहभूम जिला में 100-100 एमबीबीएस सीट के लिए मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग मापदंड के अनुरूप शैक्षणिक संवर्ग के आवश्यक पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच की मौत

KATHMANDU : नेपाल में बुधवार को काठमांडू के उत्तर-पश्चिम में पर्वतीय क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार चीनी पर्यटकों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। 'माय रिपब्लिका' अखबार की खबर के अनुसार, पुलिस ने नुवाकोट के शिवपुरी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर सात में दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद किए हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब नेपाल का 'एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर 9एन-एजेडी' काठमांडू से रसुवा जा रहा था। हेलीकॉप्टर अपराह्न 1:54 बजे काठमांडू से रवाना हुआ था।

जीव रसायन वैज्ञानिक गोविंदराजन पद्मनाभन का नाम पहले विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया

NEW DELHI :

प्रसिद्ध जीव रसायन वैज्ञानिक गोविंदराजन पद्मनाभन का नाम पहले विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है।

सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की इस साल शुरूआत की है। सरकार ने बुधवार को 33 राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें युवा वैज्ञानिकों के लिए 18 विज्ञान युवा पुरस्कार, 13 विज्ञान श्री पुरस्कार और एक विज्ञान टीम पुरस्कार शामिल है। विज्ञान टीम

पुरस्कार 'टीम चंद्रयान-3' को दिया जाएगा। सरकार ने इस साल की शुरूआत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में शोधकताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवोन्मेषकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय और नवोन्मेषी योगदान को सराहने के लिए इन पुरस्कारों की घोषणा की थी।

इन पुरस्कारों से हैं सम्मानित

गोविंदराजन पद्मनाभन भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक थे। इससे पहले इन्हें विज्ञान और प्रौधोगिकी के लिए शांति स्वरुप भटनागर पुरस्कार 1983, पदमश्री 1991, पदमभूषण 2003, राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी की फैलोशिप प्राप्त किया था।

एनआईए ने आतंकी गिरोह मामले में खूंटी में छापेमारी की

NEW DELHI : राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पीएलएफआई जबरन वसूली और आतंकी गिरोह मामले में झारखंड के खूंटी जिले में बुधवार को दो स्थानों पर छापे मारे।

एजेंसी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार एनआईए के दलों ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) से जुड़े संदिग्धों के परिसरों पर छापे मारे और कई डिजिटल उपकरण तथा अपराध में इस्तेमाल दस्तावेज बरामद किए।

बांग्लादेश में अशांति जारी कानून-व्यवस्था बहाल करने में जुटे प्राधिकारी

बांग्लादेश में अराजक तत्वों की ओर से क्षतिग्रस्त किए गए निर्माण

DHAKA

बांग्लादेश में छात्रों ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन स्वयंसेवकों के रूप में यातायात प्रबंधन किया। वहीं, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, सोमवार को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने या यातायात का प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मी उपलब्ध नहीं हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ए.के.एम. शाहीदुर रहमान को मौजूदा संकट से निपटने के लिए मंगलवार को बांग्लादेश पुलिस का शीर्ष अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और सार्वजनिक सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने के काम में जुटने का आह्वान किया है। 'ढाका ट्रिब्यून' अखबार ने बताया कि बांग्लादेश स्काउट्स के सदस्यों समेत छात्रों को कई स्थानों पर यातायात प्रबंधन करते हुए देखा गया। बुधवार को सुरक्षा बल में हुए ताजा फेरबदल के तहत रहमान को अब रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

विशेष उड़ान से ढाका से स्वदेश लौटे 400 लोग

NEW DELHI : एअर इंडिया और इंडिगो ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए विशेष उड़ानें संचालित कीं, जिनके जरिये 400 से अधिक लोगों को भारत लाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि एअर इंडिया की एक विशेष उड़ान से बुधवार सुबह छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश से भारतीय नागरिकों को वापस लाने गए इंडिगो के विशेष विमान ने मंगलवार को ढाका से कोलकाता के लिए उड़ान भरी।

आरोप-प्रत्यारोप खरगे ने एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में संविधान की प्रस्तावना हटाने का आरोप लगाया, सरकार का खंडन

शिक्षा मंत्री बोले- किताबों में मौलिक कर्तव्य और राष्ट्रगान जुड़ा

NEW DELHI (BHASHA) :

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को सरकार पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कुछ पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाए जाने का आरोप लगाया और सरकार से इस मामले में स्पष्टीकरण की मांग की हालांकि, सरकार ने उनके आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो विषय उठाया उसमें कोई तथ्य नहीं हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'अभी सात कक्षाओं की किताब आई है। पहले प्रस्तावना हुआ करती थी इनमें, जिसके बारे में नेता प्रतिपक्ष जिक्र कर रहे थे। अभी तक जो नयी पाठ्य पुस्तक आयी हैं कक्षा छह की, उसमें भी प्रस्तावना है। न केवल प्रस्तावना बल्कि उसके साथ मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, राष्ट्रगान...ये भी संविधान की प्रस्तावना और उसके मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन सारे विषयों को रखा गया और वह जो विषय रख रहे थे उसमें तथ्य नहीं था।' केंद्रीय मंत्री के जवाब के बाद भी खरगे ने कहा कि कक्षा तीन और कक्षा छह की पाठ्य पुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटा दिया गया है। उनके आपत्ति जताने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संबंधित मंत्री ने सदन में बयान दिया है और वह अगर गलत होगा तो यह

संसद में विपक्ष के सवालों का जवाब देते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

विशेषाधिकार का मामला होगा। इससे पहले, खरगे ने इस मुद्दे को शून्यकाल में उठाया और अखबारों में छपी खबरों का हवाला देते हुए दावा किया कि एनसीईआरटी की कुछ पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटा दिया गया है।

उन्होंने इसे 'बहुत महत्वपूर्ण' मुद्दा बताते हुए कहा कि प्रस्तावना हमारे संविधान की मूल आत्मा और संविधान तथा लोकतंत्र का मूलभूत आधार है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का बदलाव देश को लोगों को स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक विचारधारा को देश के लोगों पर थोपने के लिए सरकार पाठ्यक्रम के साथ छेड़छाड़ कर रही है। उन्होंने कहा, 'एनसीईआरटी ने यह जो कदम उठाया है, ठीक नहीं है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि पाठ्यक्रमों में हुए बदलाव को लेकर एक विस्तृत तथ्य सदन के सामने रखें। इस मुद्दे पर सरकार स्पष्टीकरण दे और संविधान के बारे में अपना कदम वापस ले।

खरगे के आरोपों का जवाब देते हुए सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि जिस तरीके से विपक्ष के नेता विषय उठाया है, उससे एक ध्वनि प्रतिबिंबित करने की कोशिश की गई कि शायद संविधान की प्रस्तावना या उसके मूल धाराओं से कुछ छेड़छाड़ हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक जिम्मेदार पार्टी है और जब वह सदन में कोई मुद्दा उठाती होगी तो जिम्मेदारी से कहने का प्रयास करती होगी। उन्होंने कहा, 'विपक्ष के नेता ने कहा कि ऐसा देखने में आया है, ऐसा सुनने में आया है, ऐसा पढ़ने में आया है।' नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता को यह ध्यान में रखना चाहिए कि कभी भी अखबार की कतरनें स्रोत नहीं हुआ करती हैं। स्रोत वास्तविक टेक्सबुक होती है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने जितना संविधान सम्मान किया है, उतना किसी सरकार ने नहीं किया है।

BRIEF NEWS

महिला पुलिसकर्मी की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

GODDA : जिले में एक महिला पुलिसकर्मी की आत्महत्या का मामला सामने आया है। हालांकि मामला संदेहास्पद बताया जा रहा है। महिला पुलिसकर्मी का नाम मीना मरांडी है। वो एसपी ऑफिस में पोस्टेड थी। महिला पुलिसकर्मी की लाश संदेहास्पद परिस्थिति में मिली है। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच में जुटी है। गोड्डा के एसपी कार्यालय में पदस्थापित झारखंड पुलिस की महिला पुलिसकर्मी मीना मरांडी की संदेहास्पद स्थिति में लाश मिली है। उसकी लाश उसके घर के पास ही मिली है। ड्यूटी खत्म होने के बाद वो अपने घर गई थी, उसके बाद घर से किसी काम से निकली। काफी देर तक जब नहीं लौटी तो तलाश करने के दौरान मीना मरांडी की सिकटिया स्थित आवास के समीप लाश मिली। मिली जानकारी के मुताबिक मीना मरांडी की उम्र चालीस साल थी। उसके दो पुत्री और एक पुत्र हैं। वो अपने पति के साथ सिकटिया में ही रह रही थी।

पलामू के मजदूर की रामगढ़ के तालाब में डूब कर मौत

RAMGARH : जिले के जारा टोला तालाब में डूबने से पलामू के एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मजदूर के साथी मौके पर पहुंचे। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मजदूर के डूबने की सूचना पर वे लोग यहां पहुंचे। जो लोग तैरना जानते थे, वे तालाब के अंदर गए और पानी में डूबे व्यक्ति की तलाश शुरू की। लेकिन बारिश के कारण तालाब में पानी अधिक था, जिसके कारण शव को खोजने में काफी परेशानी हुई। करीब 3 घंटे की खोजबीन के बाद डूबे व्यक्ति का शव तालाब से बाहर निकाला गया।

बंद कमरे में पड़ा मिला महिला का शव

HAZARIBAGH : जिले के गोरहर पुलिस ने थाना क्षेत्र के लगनवा गांव में बंद कमरे से एक महिला का शव बरामद किया है। महिला की चाकू से गला रेतकर हत्या किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या है। धारदार हथियार से उसकी हत्या की गयी है। फिलहाल शव को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक महिला का एक बेटा है। वह भी उसके साथ रहता था। दो दिनों से बच्चा उसके साथ था। आसपास के लोगों ने बच्चे से उसकी मां के बारे में पूछा तो उसने बताया कि मम्मी सो रही हैं। मंगलवार तक जब महिला बाहर नहीं निकली तो लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने कमरा खोलकर देखा तो जमीन पर महिला का शव पड़ा था। फिलहाल परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

दिवाकर की जगह नीरज दे रहा था परीक्षा, धराया

KODERMA : जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में बुधवार को बीए सेमेस्टर-3 परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पकड़ा गया। युवक की पहचान नीरज कुमार, नवलशाही के रूप में हुई है। परीक्षा विभाग को सूचना मिलते ही फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को कॉलेज के सी-5 रूम से धर दबोचा गया। बताया गया है कि पहली पारी में डिजिटल एजुकेशन विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी। परीक्षार्थी दिवाकर कुमार साव की जगह पर फर्जी तरीके से नीरज कुमार परीक्षा देते पाया गया।

बच्चों को स्कूल ले जानेवाले वाहन सुरक्षित नहीं, इसपर किसी जिम्मेदार का नहीं जा रहा ध्यान

बोकारो में बाइक सवार को बचाने में पलटा ऑटो, 9 स्कूली बच्चे हुए घायल, एक गंभीर

PHOTON NEWS BOKARO : यह बात तो बार-बार सामने आ रही है कि बच्चों को स्कूल ले जानेवाले वाहन सुरक्षित नहीं हैं लेकिन बच्चे सुरक्षित रहें, इस ओर किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा है। बोकारो में एक बार फिर बच्चों से भरे आटो के पलट जाने से नौ छात्र घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

संत जेवियर जा रहा था ऑटो कैंप दो मोड़ पर हुई दुर्घटना

यह दुर्घटना बुधवार की सुबह-सुबह बोकारो के कैंप - दो मोड़ के समीप हुई। आटो चालक 9 बच्चों को लेकर संत जेवियर स्कूल जा रहा था। कैंप दो मोड़ के पास दूसरी ओर से अचानक एक बाइक सवार सामने आ गया। ऑटो चालक ने उस बाइक सवार को बचाने का प्रयास करते हुए जोरदार ब्रेक लगाई। उस समय ऑटो भी गति में था। अचानक ब्रेक लगाने से ऑटो पलट गया और उसमें सवार सभी नौ छात्र घायल हो गए। ऑटो के पलटते ही उसमें सवार सभी नौ छात्र सड़क पर इधर-उधर गिर गए। एक दो छात्र ऑटो से दब भी गए। 11 कक्षा में पढ़नेवाला छात्र सिद्धार्थ कुमार इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सभी बच्चों को पास के सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सक का कहना है कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।

हादसे में घायल छात्र को अस्पताल ले जाते स्थानीय लोग व इनसेट में रोता हुआ घायल बच्चा।

शिवशक्ति नगर के रहनेवाले छात्र सिद्धार्थ को लगी सबसे अधिक चोट

इस दुर्घटना में सबसे अधिक चोट सिद्धार्थ कुमार को लगी है। 11वीं कक्षा में पढ़नेवाला यह छात्र बोकारो चास के शिवशक्ति नगर कॉलोनी का रहनेवाला है। सिद्धार्थ के पिता संजीत कुमार जोधाडीह मोड़ में दुकान चलाते हैं जबकि मां प्रियंका गुप्ता गृहणी है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सभी बच्चों के अभिभावक अस्पताल पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

केवाईसी कराने निकली थी किशोरी बस के धक्के से गई जान, रोड जाम

PHOTON NEWS DHANBAD : साइकिल लेकर बैंक के लिए निकली थी केवाईसी कराने। घर से निकलते समय उसे क्या पता था कि वह कभी लौटकर घर नहीं आएगी। शायद उसे ऊपर काल मंडरा रहा था। काल बनकर पीछे की ओर से आई बस ने प्रिया कुमारी की जिंदगी ले ली। धनबाद के मैथन इलाके में चिरकुंडा थाना क्षेत्र में रानी सती मंदिर के समीप जीटी रोड पर बस के धक्के से कालीमंडा संजय नगर निवासी संजीत मोदी उर्फ पप्पू मोदी की 15 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी की मौत हो गई।

टक्कर लगने से गिरी, चढ़ गया बस का पहिया : कालीमंडा संजय नगर निवासी संजीत मोदी की 15 वर्षीय बेटी प्रिया कुमारी केवाईसी कराने के लिए साइकिल से चिरकुंडा के बैंक ऑफ इंडिया बैंक जा रही थी। उसी दौरान उसके पीछे निरसा की ओर से तेज गति से आ रही यात्री बस ने धक्का मार दिया। धक्का लगते ही प्रिया कुमारी गिर पड़ी और उसके ऊपर बस का चक्का चढ़ गया। इससे प्रिया कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

सड़क जाम कर हंगामा करते आक्रोशित ग्रामीण।

दसवीं की छात्रा थी प्रिया कुमारी

प्रिया कुमारी 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। वह कुमारधुबी हाई स्कूल में पढ़ती थी। प्रिया की इस तरह दुर्घटना में दर्दनाक मौत की खबर फैलते ही पूरे इलाके के लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिसने भी यह दुखभरी खबर सुनी, उसे यकीन करना मुश्किल हो रहा था। प्रिया के घर में परिवार के लोगों को भी सहसा यकीन नहीं हुआ। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। बस की चपेट में आने से प्रिया कुमारी की मौत देख बस का चालक घबरा गया। बस को चिरकुंडा में ही खड़ा कर उसका चालक भाग गया। सूचना मिलने पर दुर्घटनास्थल पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और दुर्घटना करनेवाली बस को जब्त कर लिया। इधर घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने कालीमंडा में दोपहर 12 बजे से सड़क जाम कर दिया। लोग मुआवजा देने और चालक को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। स्थानीय पुलिस लोगों को समझने में लगी रही।

गिरिडीह की घटना, जमीन कारोबारी के मर्डर के विरोध में सड़क जाम

लेनदेन के विवाद में हत्या कर शव को लगाया ठिकाने, 12 घंटे में पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

PHOTON NEWS GIRIDIH : गिरिडीह के जमीन कारोबारी अनिल यादव की हत्या पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में की गई थी। मंगलवार को हुई इस हत्या के बाद इलाके में भड़का आक्रोश उस समय कम हुआ जब 12 घंटे के अंदर ही पुलिस ने हत्याकांड का पदार्फाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या का आरोपी बैजू रविदास सरकारी कर्मचारी है। पुलिस ने मंगलवार को जमीन कारोबारी अनिल यादव की हत्या कर उसका शव ठिकाने लगाने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही हथियार व कार भी जब्त कर ली है। मंगलवार रात को हुए हत्याकांड बाद बुधवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह टावर चौक के पास सड़क जाम कर दिया था। मौके पर पुलिस ने जब बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी हो गई है तो लोगों ने जाम हटाया। हत्याकांड के बाद आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को भी घटना को लेकर रात दस बजे के बाद गिरिडीह टावर चौक को जाम कर दिया था। हत्या के बाद जमीन कारोबारी अनिल यादव के शव का आनन-फानन पोस्टमार्टम कराया गया तो लोगों का आक्रोश और भी भड़क उठा। बुधवार को टावर चौक के पास सडक पर उतर आए। इस दौरान दोनों ओर से आवागमन बाधित रहा। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि जमीन कारोबारी अनिल यादव की हत्या के मुख्य आरोपित बैजू रविदास को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ में हत्या करने में उपयोग की गई धारदार हथियार को भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए बैजू ने हत्या की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार है। उसने बताया कि पैसे के लेनदेन को लेकर हुए झंझट के कारण उसने अनिल यादव की हत्या कर दी।

डेड बॉडी को ठिकाने लगाने में प्रयुक्त की गई कार व हथियार भी जब्त

- सरकारी सेवक निकला हत्या का आरोपी
- मंगलवार रात दस बजे से ही रोड जाम कर बैठे थे लोग
- आनन-फानन में पोस्टमार्टम कराया तो और भी बढ़ गया लोगों का आक्रोश

सड़क पर आगजनी कर हत्या का विरोध करते आक्रोशित लोग।

मामले का पदार्फाश करने के लिए गठित की गई थी एसआइटी

हत्या की वारदात को अंजाम दिए जाने के बाद एसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआइटी का गठन किया गया था। एसआइटी ने छापेमारी शुरू कर दी थी। इस मामले में कई अहम जानकारियां मिलने के बाद पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी बैजू रविदास का को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही जिस वाहन से शव को ढोकर जिले के पीरटांड इलाके में फेंका गया था, उसे भी जब्त कर लिया। बताया जाता है कि पैसे के लेनदेन को लेकर बैजू के साथ अनिल का विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद अनिल यादव की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने भी इस बात की पुष्टि की है कि पैसे के लेनदेन में हुए विवाद की वजह से हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। हत्याकांड के बाद मंगलवार लगभग दोपहर तीन बजे के आसपास अनिल के शव को पीरटांड़ इलाके से बरामद किया गया था। रात आठ बजे के करीब शव की पहचान की गई। इसके बाद एसपी के निर्देश पर एसआइटी का गठन हुआ और महज 12 घंटे के भीतर आरोपी बैजू रविदास को गिरफ्तार कर लिया गया।

स्क्रू गैंग के निशाने पर पलामू, खिड़की उखाड़ कर हो रही चोरी

PLAMU : जिले में चोरों का एक स्क्रू गैंग सक्रिय है, जो घरों की खिड़की तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। यह गैंग उस कमरे को निशाना बना रहा है, जिसमें आभूषण और नकदी रखी जाती है। पुलिस के मुताबिक, पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में पिछले एक महीने में आधा दर्जन चोरियां हो चुकी हैं। सभी चोरियों में खिड़की के स्क्रू खोलकर चोरी की गई है। खिड़की तोड़कर घर में रखे सोने के आभूषण और नकदी की चोरी की गई है। यह गिरोह सात दिनों के अंतराल पर बड़ी चोरियां कर रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, स्क्रू गैंग के चोरों की तस्वीर सीसीटीवी में भी कैद हुई है, जिसके जरिए पश्चिम बंगाल और ओडिशा समेत कई इलाकों में छापेमारी की गई।

कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति हो रही खराब

6 महीने से सदर अस्पताल के कर्मियों को वेतन नहीं, हड़ताल की दी चेतावनी

PHOTON NEWS DHANBAD : डीएमएफटी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत लगभग 150 अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारियों को पिछले 6 महीने से वेतन नहीं मिला है। फरवरी के बाद से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने के कारण सदर अस्पताल समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्र के अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों में काफी नाराजगी है। सदर अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों ने वेतन की मांग को लेकर अस्पताल प्रबंधन से मुलाकात की। और जल्द वेतन भुगतान की मांग की है। वेतन भुगतान नहीं होने पर कर्मचारियों ने हड़ताल करने की चेतावनी दी है। इधर अस्पताल के नोडल प्रभारी डॉक्टर राजकुमार सिंह ने इसकी जानकारी सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्र भानु प्रतापन को दी है। सिविल सर्जन ने कहा है जल्द वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो रही है। एक और स्कूल में बच्चों की फीस बकाया है। स्कूल प्रबंधन हर दिन फीस की मांग कर रहे हैं। बच्चों को स्कूल से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। तो दूसरी और अब राशन दुकानदार भी राशन देने में आनाकानी कर रहा है।

आईएएस संदीप पौंड्रिक होंगे नए इस्पात सचिव

PHOTON NEWS BOKARO : लंबे समय से प्रभार में चल रहे इस्पात सचिव के पद को अब उसका अधिकारी मिलने जा रहा है। बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी संदीप पौंड्रिक नये इस्पात सचिव होंगे। इसके साथ ही सेल की महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़े कार्यों में तेजी आने की संभावना है। माना जा रहा है कि नए इस्पात सचिव के लंबे अनुभव का लाभ इस विभाग को मिल सकेगा। शीघ्र ही वे अपना नया पद संभालेंगे। आईएएस अधिकारी संदीप पौंड्रिक बिहार में उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव का महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। संदीप पौंड्रिक 1993 बैच के बिहार कैडर आईएएस अधिकारी हैं। इन्होंने इंजीनियरिंग स्नातक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) किया हुआ है। इसके अलावा गृह मंत्रालय के तहत एनडीएमए में सलाहकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में भी अपना कार्य-दायित्व निभा चुके हैं।

- एनएन सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद से प्रभार में चल रहा था यह पद
- अब सेल की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंत्रालय की स्वीकृति व अन्य कार्यों में तेजी आने की संभावना

हाथ में सरकार विरोधी नारों के साथ तख्ती लेकर लगाया 'हेमंत गद्दी छोड़ो' का नारा

भाजपा महिला मोर्चा ने सीएम के खिलाफ उठाई आवाज

PHOTON NEWS BOKARO : भाजपा महिला मोर्चा ने बुधवार को हेमंत सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा महिला मोर्चा के निर्देश पर बोकारो जिला महिला मोर्चा ने हेमंत सोरेन सरकार में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह जोरदार प्रदर्शन बोकारो डीसी ऑफिस के पास किया गया। इस दौरान महिलाओं की संख्या सबसे अधिक देखी गई। हाथ में सरकार विरोधी नारों के साथ तख्ती लिए महिलाएं डीसी ऑफिस के मुख्य गेट से अंदर प्रवेश की और डीसी ऑफिस के पास पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, बोकारो विधायक बिरंची नारायण समेत जिले के तमाम भाजपा के नेता मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान सभी ने हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कही। भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार ने यहां के महिलाओं और युवाओं से जो वादे किए गए थे, उस पर खरा नहीं उतरी बल्कि उसके उलट महिलाओं पर अत्याचार होना शुरू हो गया। भाजपा नेताओं के मुताबिक, राज्य में महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न के सबसे अधिक मामले अभी तक दर्ज किए गए हैं, जिसमें बलात्कार, हत्या सहित अन्य मामले शामिल है। नेताओं ने कहा कि यह सरकार को चेतावनी देने के लिए महिलाओं ने यह प्रदर्शन किया गया। आने वाले विधानसभा चुनाव में महिलाएं इस सरकार के खिलाफ एकजुट होकर खड़ी होंगी और इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगी।

मंईयां सम्मान को बताया मंईयां परेशान योजना

लातेहार में भी भाजपा महिला मोर्चा ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ विरोध रैली निकाली गई। मौके पर उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सरकार पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे देशभर में झारखंड की महिलाएं सबसे अधिक असुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि आज झारखंड की महिलाएं और बेटियां घर से बाहर निकलने में भी डरती है। राज्य की जनता को झूठा आश्वासन देकर वोट लेने वाली हेमंत सोरेन की सरकार पूरे 5 वर्षों में एक भी ऐसा काम नहीं किया, जिससे जनता को फायदा हो सके। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा एक बार फिर से लोगों को ठगने के लिए मंईयां सम्मान योजना चलाई गई है परंतु यह योजना मंईयां परेशान योजना बनकर रह गई है।

इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं : राजीव

वहीं, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सोरेन सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। पूरे देश में झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे अधिक महिलाओं के साथ उत्पीड़न और दुष्कर्म की घटना होती है। भाजपा सरकार ने महिलाओं के सम्मान और उनके कल्याण के लिए एक रुपए में जमीन रजिस्ट्री की योजना आरंभ की थी। परंतु हेमंत सोरेन की सरकार ने उस योजना को रद्द कर दिया। इस रैली में भाजपा के पूर्व विधायक हरि कृष्ण सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीला देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, महामंत्री बंसी यादव, राजधानी यादव, कल्याणी पांडेय, राकेश दुबे, मुकेश पांडेय समेत अन्य भाजपा नेता शामिल थे।

कोडरमा में जननी सुरक्षा योजना घोटाले में बीटीटी के खिलाफ एफआईआर

KODERMA : जिले के सतगावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना में हुए घोटाले की जांच पूरी होने के बाद सतगावां थाने में बीटीटी दिनेश चौधरी के खिलाफ वित्तीय अनियमितता का मामला दर्ज किया गया है, जबकि इस मामले में शामिल लिपिक अजीत कुमार को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा इस मामले में प्रखंड के प्रभारी स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ। सत्यनारायण भकत को भी फिलहाल प्रभार से हटा दिया गया है। उनकी जगह डॉ। आशीष कुमार को सतगावां स्वास्थ्य केंद्र का प्रभार सौंपा गया है। आपको बता दें कि 21 जुलाई को इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना में घोटाले का मामला सामने आया था, जिसमें पता चला था कि संस्थागत प्रसव के बाद महिलाओं को इस योजना के तहत मिलने वाली 1400 रुपये की राशि बीटीटी दिनेश चौधरी और लिपिक अजीत कुमार ने अपनी पत्नी, बेटा, बेटी और अन्य रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर कर ली थी। ऐसा कर उन्होंने करीब 14 लाख रुपये का गबन कर लिया था। घोटाले की जांच पूरी होने और आरोप तय होने के बाद बीटीटी दिनेश चौधरी के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज की गई और उसे कार्यमुक्त भी कर दिया गया। सिविल सर्जन डॉ। अनिल कुमार ने बताया कि बीटीटी दिनेश चौधरी इस पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड है।

प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी का मामला

गढ़वा में टीचर से घूस लेते प्राचार्या को एसीबी ने दबोचा

PHOTON NEWS GARHWA : लोगों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कोई भी क्षेत्र या विभाग भ्रष्टाचार से मुक्त है? सवाल उठना लाजिमी है क्योंकि अब तो ऐसे-ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिसे सुनकर लोग चकित हो जा रहे हैं। मुंह से यही निकल रहा है, क्या? यह भी? जरा सोचिए, जिस पवित्र स्थल पर बच्चों को देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी है, जहां ईमानदारी और नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाता है, वह स्थान भी भ्रष्टाचार के दलदल में धंस जाए तो इसे विडंबना नहीं तो और क्या कहेंगे।

20 हजार ले रही थी घूस : गढ़वा में प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी की प्राचार्य विद्यायनी बाखला को बुधवार को दिन के पौने बारह बजे 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। प्राचार्य को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम उन्हें अपने साथ पलामू ले गई। एसीबी की टीम पूरी तैयारी के साथ पलामू से ही गढ़वा पहुंची थी। प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी को वोकेशनल कोर्स के संचालन के लिए राशि का आवंटन किया गया था। बिना प्राचार्य की अनुमति के यह राशि संबंधित विभाग या शिक्षक को मिल नहीं सकती थी। प्राचार्य की स्वीकृति आवश्यक थी। इसी स्वकृति के लिए कीमत लगाई गई थी। बताया जा रहा है कि वोकेशनल क्लास के लिए स्कूल को प्राप्त पैसे को देने के लिए स्कूल की वोकेशलन टीचर से विद्यायनी बाखला ने रिश्वत मांगी थी। इस बात की खबर एसीबी को लग गई।

- वोकेशनल कोर्स के लिए आवंटित रकम को देने के लिए मांग रही थीं पैसे

BRIEF NEWS

तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ

RANCHI : कांके रोड स्थित रांची पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ हुआ। रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे द्वारा इसका शुभारंभ किया। इस ड्यूटी मीट में एसएसपी चन्दन सिन्हा मौके पर मौजूद रहे। साथ ही संतोष सुधाकर सहायक निदेशक राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो, डॉ। अमित कुमार सहायक निदेशक एफएसएल के अलावा दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के सभी जिला से आए प्रतिभागी उपस्थित हुए। इस ड्यूटी मीट में अनुसंधान की बारीकियां और अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता, कम्प्यूटर साक्षरता, श्वान दस्ता के दक्षता की परीक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। डीआईजी द्वारा नये बीएनएसएस के प्रावधानों का अनुपालन डीएनए के लिए साक्ष्यों का संकलन और संरक्षण, के उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला गया।

71 सार्जेंट की औपबंधिक वरीयता सूची जारी

RANCHI : झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 71 प्रारक्ष अवर निरीक्षक (सार्जेंट) के औपबंधिक वरीयता सूची जारी की है। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी रेंज के डीआईजी के अलावा एसीबी स्पेशल ब्रांच, रेल और झारखंड जगुआर के डीआईजी को पत्र लिखा है। पुलिस मुख्यालय ने कहा कि अपने क्षेत्र के जिला और इकाई में पदस्थापित सार्जेंट के बीच यह वरीयता सूची को प्रसारित करें, यदि वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इसे 15 दिनों के अंदर समर्पित करें। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय ने वरीयता सूची में अंकित सूचना का मिलान संबंधित कर्मी की सेवा पुस्तिका और अन्य अभिलेख से करने को कहा है। यदि किसी प्रकार की गलती है तो इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है। यदि किसी सार्जेंट का वरीयता सूची में नाम छूट गया है या प्रकाशित वरीयता सूची के अनुसार पदस्थापित नहीं हो तो, ऐसे पदाधिकारी के संबंध में सूचना अलग से उपलब्ध कराने की बात कही है, ताकि उनका नाम वरीयता सूची में शामिल किया जा सके।

जुडको में वेतन को लेकर हड़ताल, काम ठप

RANCHI : वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर जुडको के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर चले गये हैं। कचहरी स्थित कार्यालय खुलते ही कार्यालय के बाहर जुडको कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए काम न करने का फैसला लिया। कर्मियों का कहना है कि सालों से वे लोग काम कर रहे हैं, लेकिन मात्र तीन से चार प्रतिशत ही सालाना वेतन बढ़ता है। ऐसे में उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है। सरकार से अविलंब वेतन बढ़ोतरी कराने सहित अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर उन्होंने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। हड़ताल में डीजीएम रैंक से नीचे के सारे अधिकारी- कर्मचारी जिसमें एपीएम, डीपीएम, प्रोजेक्ट मैनेजर इत्यादि शामिल हैं।

झारखंड ने गुजरात को 3-0 से दी मात

RANCHI : दिल्ली के तेजस फुटबॉल मैदान में जारी 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम का दमदार प्रदर्शन दूसरे मुकाबले में भी जारी रहा। झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में गुजरात को 3-0 के अंतर से पराजित किया। झारखंड की ओर से नैना कुमारी, संजना उरांव और बबिता कुमारी ने एक-एक गोल कर झारखंड को दूसरे मुकाबले में बढ़त दिलाई। इससे पहले 6 अगस्त को हुए पहले मुकाबले में भी झारखंड की बालिका टीम ने मेजबान दिल्ली 7-0 से बड़ी शिकस्त देकर शानदार शुरूआत की थी।

भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित 75वें वन महोत्सव में शामिल हुए सीएम

झारखंड में जल, जंगल और जमीन हमेशा से रहे हैं हमारे जीने का जरिया : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : सीएम हेमंत सोरेन के मुताबिक झारखंड में जल- जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है। लेकिन, सदियों से चली आ रही ये व्यवस्था अन्धाधुन्ध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छूटती जा रही है। आज हरे -भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। बुधवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, गढ़खटंगा, रांची में आयोजित 75वां वन महोत्सव-2024 को संबोधित करते कहा कि प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। जरूरत इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें। पेड़ों को बचने का संकल्प लें। सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित मानव जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। सीएम ने इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सीएम ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण को चुनौती मिल रही है, वह मनुष्य, जीव- जंतु और पूरी प्राकृतिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में हमें तय करना है कि हम प्रकृति के साथ मिलकर अथवा प्रकृति से छेड़छाड़ कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। अगर प्रकृति के साथ चलना है तो हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना होगा । पेड़ों से दोस्ती करनी होगी और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घर बनाते हैं तो उससे पहले वहां एक पेड़ जरूर लगाएं। अगर हर व्यक्ति पेड़ लगाने और पेड़ बचाने की ठान ले तो निश्चित तौर पर हम पर्यावरण को संरक्षित रख पाएंगे।

- पौधे लगाने के साथ इन्हें बचाने के लिए भी अभियान का बनें हिस्सा
- आज हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगलों की कंक्रीट के जंगलों ने ले ली जगह
- सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित और मानव जीवन को रख सकते हैं सुरक्षित

दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

एक लाभुक को परिसंपत्ति का लाभ देते सीएम।

पौधारोपण की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसे कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़े। इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं , ताकि प्राकृतिक व्यवस्था को जो नुकसान हो चुका है, उसकी थोड़ी सी भी भरपाई हो सके। एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी। पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था। चारों तरफ जंगल ही जंगल दिखते थे। लेकिन, विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गई, जंगल सिमटते चले गए और इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। यही वजह है कि आज वन महोत्सव मनाने की एक परंपरा की शुरूआत हुई, जो आज भी चली आ रही है । यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं।

पुरस्कार वितरित, कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पेड़ लगाने का अभियान सिर्फ बारिश के मौसम तक सिमट कर नहीं रहना चाहिए। जाड़ा, गर्मी और बरसात हर मौसम में उस मौसम के अनुकूल पेड़ लगाने की मुहिम चलनी चाहिए। पेड़ लगाने का सतत अभियान कभी नहीं रुकना चाहिए। सीएम ने मौके पर वनों के संवर्धन और विकास के क्षेत्र में बेहतर योगदान करने वाले वन समिति के सदस्यों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान आने वाले लोगों को परिसर का भ्रमण करने हेतु चार लाभुकों को बैट्री ऑपरेटेड ऑटो प्रदान किया। वन महोत्सव में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक राजेश कच्छप, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कई वरीय अधिकारी भी उपस्थित

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर ईडी की बहस 9 को

PHOTON NEWS RANCHI : टेंडर कमीशन मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में आलमगीर आलम की ओर से कोर्ट में बहस पूरी की गई। शुक्रवार को ईडी की ओर से बहस की जाएगी। ईडी के द्वारा की गई गिरफ्तारी और कमीशन लेने के आरोप के बिंदु पर आलमगीर आलम की ओर से कोर्ट में बहस की गई। ईडी की गिरफ्तारी और कमीशन लेने के आरोप को गलत बताया गया। 19 जुलाई को याचिका दाखिल कर

आलमगीर आलम ने कोर्ट से जमानत की गुहार लगाया है। 15 मई को ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले समन जारी कर ईडी दफ्तर बुलाया था और 2 दिनों तक पूछताछ की थी। मामले में पूर्व मंत्री समेत 9 की अब तक गिरफ्तारी हुई है।

पूर्व मंत्री राजा पीटर ने वापस ली याचिका

RANCHI : पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपी पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने हाई कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका को वापस ले लिया है। इसमें उन्होंने मामले के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (अनुसंधानकर्ता) की गवाही ट्रायल के दौरान एनआईए कोर्ट में सभी गवाहों की गवाही पूरी होने से पहले करा लिए जाने को चुनौती दी थी। साथ ही अनुसंधानकर्ता की गवाही न मानने का आग्रह किया था। दरअसल, राजा पीटर की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि मामले में एनआईए कोर्ट, रांची में ट्रायल चल रही है जिसमें अभियोजन की ओर से गवाहों का बयान दर्ज किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान मामले के चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर गवाही सबसे अंत में होनी चाहिए थी।

हाईकोर्ट ने पूछा- गो जातीय पशु वध निषेध अधिनियम 2005 के तहत क्या हुई कार्रवाई

खुले में गोवंश मांस की बिक्री पर एक्शन लें एसएसपी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट ने रांची एसएसपी को खुले में मोहल्लों या सार्वजनिक स्थलों पर गोवंश मांस की बिक्री पर कड़ी करवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बुधवार को मौखिक कहा कि रांची में सार्वजनिक स्थलों पर गोवंश मांस की बिक्री होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वे खुले में गोमांस की बिक्री होने की बात को वेरिफाई करेंगे। इससे पूर्व याचिकाकर्ता की ओर से डोरंडा के कुछ मोहल्ले में खुलेआम गोवंश मांस की बिक्री

का फोटोग्राफ प्रस्तुत किया गया था। कोर्ट ने रांची एसएसपी से पूछा है कि झारखंड गो जातीय पशु वध निषेध अधिनियम 2005 के तहत रांची में क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी दें। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में अवैध रूप से संचालित 70 से अधिक मीट शॉप विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई है, जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि खुलेआम रांची में गोवंश मांस की बिक्री हो रही है। इस बात को कोर्ट से छुपाया गया है। राजधानी रांची सहित राज्य में मांस विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन चिकन एवं मीट दुकान संचालक नहीं कर रहे हैं। ये विक्रेता काले शीशे का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। कई मीट शॉप विक्रेता बिना लाइसेंस के ही अपनी दुकान चला रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पक्ष रखा।

वीसी को मारवाड़ी कॉलेज में हुई घटना को लेकर सौंपी लिखित शिकायत

विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई करे आरयू प्रशासन : युवा आजसू

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। विगत कुछ दिन पहले मारवाड़ी कॉलेज में घटी घटना की लिखित शिकायत सौंपी। युवा आजसू के नेता विशाल कुमार यादव ने कहा कि दिनाक 31 जुलाई को मारवाड़ी महाविद्यालय में बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण छात्र-छात्राओं को हुई परेशानी को लेकर दिनांक 1 अगस्त को मैं मारवाड़ी

महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को इस मामले से संबंधित घटना पर ज्ञापन सौंपने जा रहा था, तभी वहां न्यूज रिपोर्टर पहुंचे और उन्होंने परीक्षा के दौरान बिजली व्यवस्था ठप होने के मामले की छानबीन शुरू की। युवा आजसू के विशाल कुमार यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की। दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई तो युवा आजसू आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन एवं तालाबंदी के लिए बाध्य होगी। प्रतिनिधिमंडल में दीपक दुबे, मनजीत, प्रियांशु,विशाल कुमार यादव, रोशन नायक, शुभम कुमार, कारण सिंह, अदनान अख्तर, के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में राशनकार्ड की बाध्यता समाप्त हो : सीपीएम

RANCHI : झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (एमएमएमएसवाई) राज्य की गरीब महिलाओं को कुछ आर्थिक मदद उपलब्ध कराए जाने की दिशा में बढ़ा हुआ एक ठोस कदम है। सीपीएम का राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने इस संबंध में बयान जारी करते हुए कहा कि आवास योजना और इसके बाद एमएमएमएसवाई जिसमें झारखंड की गरीब महिलाओं को केंद्र में रखकर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सराहनीय पहल है। लेकिन एमएमएमएसवाई योजना का लाभ राज्य की महिला आबादी के केवल आधे हिस्से को ही मिल पाएगा। क्योंकि राज्य की महिला जनसंख्या में पचास प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं के पास राशनकार्ड नहीं है। हजारों महिलाओं ने राशनकार्ड में अपना नाम जोड़ने या नया राशनकार्ड बनाने के लिए बहुत पहले ही आवेदन दिया है।

मतदाता जागरूकता अभियान में नगर निकायों की भूमिका अहम : सीईओ

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के। रविकुमार ने कहा है कि मतदाता जागरूकता अभियान मे राज्य के नगर निकायों अहम भूमिका है। आम लोगों की जीवन से प्रत्येक दिन नगर निकायों वास्ता पड़ता है। के। रविकुमार ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में नगर निकायों के साथ आयोजित समीक्षा दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि चार राज्यों मे विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसलिए अधिक मतदान हो इस पर फोकस करना है। नगर निकाय स्थानीय कोचिंग सेंटर, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, रात्रि आश्रयणी और वृद्धाश्रमों में

मतदाता जारूकता अभियान चलायें। हर निजी घर, फ्लैट, अपार्टमेंट और सरकारी कालोनियों में जाकर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाये। शहरी स्लम एरिया के मतदाताओं को मतदान के जागरूक करने पर विशेष बल दिया जाये। क्षेत्र में काम करने वाली बीएलओ से कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों को पूछ कर समाधान करने का प्रावधान किया जाये। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। अभियान से संबंधित निकायों द्वारा किये जा रहे कार्य समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मे अवश्य आने चाहिए जिससे मतदाता अपने अधिकार और कर्तव्य को जान पायेंगे।

रांची में अवैध बालू पर कब्जे की लड़ाई, रंगदारी नहीं मिलने पर दिया घटना को अंजाम

जेसीबी समेत आधा दर्जन वाहनों को किया आग के हवाले

CRIME REPORTER RANCHI : राजधानी में बालू तस्करी को लेकर बालू तस्कर आपस में ही भिड़ जा रहे हैं। वहीं तस्करी के पैसे में रंगदारी नहीं मिलने पर वाहन जलाए जा रहे है। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर बालू घाट पर बालू की अवैध निकासी और उठाव से होने वाली कमाई में रंगदारी नहीं मिलने से नाराज अपराधियों ने जेसीबी सहित 6 वाहनों को आग के हवाले कर दिया। घटना मंगलवार देर रात की है।

क्या है पूरा मामला

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात दर्जनों वाहन छापर घाट पर बालू

की अवैध निकासी कर उसे ट्रकों और हाइवा में भर रहे थे। इसी दौरान आधा दर्जन बाइक पर हथियारबंद लोग आए और मजदूरों को मारपीट कर भगा दिया। सबको भगाने के बाद हथियारबंद लोगो ने मौके पर मौजूद जेसीबी, हाइवा और तीन टर्बो को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है की आगजनी की वारदात को अंजाम आलोक जी के दस्ते ने दिया है, आलोक उग्रवादी संगठन जेजेएमपी से जुड़ा हुआ है। बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी ने बताया कि आगजनी की सूचना मिली है लेकिन वे अवकाश पर हैं।

जले ट्रक और हाइवा लेकर भागे तस्कर : चुकि बालू का उठाव गैरकानूनी तरीके से हो रहा था, इसलिए वाहन मालिक अपने जले हुए ही वाहनों को लेकर मौके से भागते दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार जिन वाहनों में आग लगाई गई है, उनके मालिक साकेत साहू और बलराम साहू हैं। गौरतलब है कि रांची के बुढ़मू इलाके में एनजीटी की रोक के बावजूद बालू तस्कर खुलेआम बालू उत्खनन और उठाव कर रहे हैं। तस्करी के पैसे उग्रवादी और संगठित आपराधिक गिरोह तक भी पहुंच रहा है, जिसके पास पैसा नहीं पहुंच रहा है, वह अब आगजनी की वारदातों को अंजाम दे रहा है।

बुढ़मू थाना प्रभारी और सब-इंस्पेक्टर सस्पेंड

इस घटना के बाद बुधवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार और एक सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया। साथ ही रितेश महतो को थाना प्रभारी बनाया गया है। फिलहाल, किसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। उल्लेखनीय है कि करोड़ों की अवैध उगाही के कारण छापर बालू घाट उग्रवादियों और अपराधियों का चरम अड्डा बन गया है। आये दिन यहां कभी उग्रवादी तो कभी अपराधी वाहनों में आगजनी करते हैं। इस पर लगाम लगाना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बन गया है।

नहीं रहे जन सेवक इनामुल अंसारी, कडरू कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्द-ए-खाक

RANCHI : जन सेवक व पूर्व जिला परिषद सदस्य इनामुल अंसारी (60 वर्ष) का निधन हो गया।

बुधवार को मिट्टी मंजिल मदरसा हुसैनिया कडरू रांची में करने के बाद नमाज ईशा 9 बजे रात नमाज जनाजा अदा की गई। इसके बाद कड़रू कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नमाज जनाजा मदरसा हुसैनिया कड़रू के मौलाना ने पढ़ाई। ज्ञात हो कि इनामुल अंसारी जन सेवक के पद पर खूंटी में कार्यरत थे। अक्टूबर 2022 को खूंटी से ड्यूटी ऑफ होने के बाद अपने घर के लिए निकले कि उनका एक्सिडेंट खूंटी में हो गया। उनका इलाज रिम्स और विभिन्न अस्पतालों में चल रहा था। जनाजा में शामिल होने वालों में कांग्रेस नेता सह प्रख्यात समाजसेवी जलील अंसारी, प्रो. रमजान, मोहम्मद हफीज, इनामुल हक पूर्व जिला परिषद, कुद्दूस संसारी, जलील अंसारी, हाजी शमसुद्दीन व हाजी इलियास समेत

भुगतान समय पर नहीं होने से बढ़ा कर्ज

टीवीएनएल का जेबीवीएनएल पर 6000 करोड़ रुपये बकाया

PHOTON NEWS RANCHI : तेनूघाट विद्युत निगम लिमिटेड हर महीने जेबीवीएनएल को लगभग 80 करोड़ का बिजली देती है। पिछले कुछ समय से जेबीवीएनएल की ओर से टीवीएनएल को हर महीने 20 से 25 हजार भुगतान किया जा रहा है। जिससे टीवीएनएल का बकाया राशि बढ़ गया है। टीवीएनएल सूत्रों की मानें तो यह बकाया वर्तमान में 6000 करोड़ है। जेबीवीएनएल या राज्य सरकार की ओर से अगर यह राशि दे दी जाती तो टीवीएनएल का आर्थिक संकट दूर हो सकता है। बता दें टीवीएनएल के दो यूनिट से लगभग 420 मेगावाट बिजली उत्पादन होता है। प्रत्येक यूनिट से 210 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जाता है। वहीं, टीवीएनएल राज्य का एकमात्र विद्युत उत्पादन संयंत्र है। ऐसे में बकाया भुगतान होने से टीवीएनएल कोयला खरीदने की समस्या समेत अन्य समस्याओं से उभर सकता है। पिछले दिनों टीवीएनएल मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से इस मामले में मुलाकात की थी। जिसमें इन बातों की जानकारी दी गयी थी। तेनूघाट विद्युत निगम लिमिटेड के विस्तारीकरण का मामला भी अब तक लंबित है। जबकि इसका राष्ट्रीय तय उत्पादन औसत मानक 75 फीसदी अधिक है। वर्तमान सरकार ने भी साल 2023 -24 में टीवीएनएल विस्तारीकरण को आम बजट में स्वीकृति दी थी।

टाटा स्टील यूआईएसएल कर्मी ने कार्यालय में ही लगा ली फांसी

सुसाइड नोट में लिखा अधिकारियों का नाम, बताई वजह

PHOTON NEWS JSR:
गोलमुरी थाना अंतर्गत सर्कस मैदान के पास स्थित टाटा स्टील यूआईएसएल के कार्यालय में कंपनी के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के सीनियर सेनिटरी सुपरवाइजर ओमप्रकाश साहू (56) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ओमप्रकाश का शव कार्यालय में पंखे से लटका पाया गया। कंपनी को इसकी जानकारी तब हुई, जब कंपनी के अन्य कर्मी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और कंपनी के अन्य अधिकारियों को दी।

सूचना पाकर पुलिस और कंपनी के अधिकारियों के अलावा परिजन भी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इधर, घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद

ओमप्रकाश साहू की फाइल फोटो

किया, जिसमें मृतक ने कंपनी के सीनियर अधिकारियों को दोषी ठहराया है।

सुसाइड नोट में ओम प्रकाश ने लिखा था कि मै अपने आफिस में वर्कलोड के बोझ से काफी परेशान हूं। मुझे बारीडीह में 4 क्लस्टर एग्रिको, सिदगोड़ा, ओल्ड और न्यू बारीडीह कलोनी का बोझ दे दिया गया है। मुझसे इतना काम नहीं हो रहा था। मैंने अपने डिपार्टमेंट के चीफ तथा डॉ. आलोक सर और एरिया मैनेजर से भी बात की कि मुझे इतना अधिक वर्कलोड नहीं दिया जाए, पर कोई समाधान नहीं हुआ। मैं पिछले तीन चार माह से बहुत परेशान हूं। अपने आफिस के कलीग से इस समस्या के बारे में बात करता रहता हूं। उन लोगों ने भी कहा कि आपको अधिक वर्कलोड दिया गया है। मेरे आफिस में ओझाजी और विनोदजी ने मेरी काफी मदद की। आगे मैं इतने अधिक वर्कलोड में काम नहीं कर सकता। एरिया में एक्सट्रा काम भी बढ़ गया है, जिससे काम करने में काफी परेशानी हो रही है, इसलिए मै दुनिया से जा रहा हूं। सर मुझे माफ करें। चीफ सर से निवेदन है कि मेरी जो भी राशि हो, पत्नी को दिला दीजिएगा।

कंपनी प्रबंधन ने जताई संवेदना

इधर, टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन ने बयान जारी करते हुए घटना के प्रति संवेदना जताई है। कंपनी की ओर से बयान जारी कर बताया गया कि टीएसयूआईएसएल के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में सीनियर सेनिटरी सुपरवाइजर ओमप्रकाश साहू (56 वर्ष) के दुर्भाग्यपूर्ण निधन की सूचना देते हुए दुख हो रहा है। आज दोपहर करीब 12 बजे उनका शव उनके गोलमुरी ऑफिस के सीलिंग फैन से लटका मिला। पुलिस को सूचित कर दिया गया है और जांच जारी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टीएसयूआईएसएल जांच एजेंसियों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है।

कदमा फायरिंग मामले में अज्ञात के खिलाफ जांच में जुटी पुलिस

JAMSHEDPUR : कदमा थाना अंतर्गत तीस्ता रोड पर मंगलवार रात टाटा स्टील कर्मी बुद्धेश्वर मुखी पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित के भाई बाबू मुखी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की, पर पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा। पुलिस प्रेम प्रसंग समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। इधर, बुधवार को पुलिस ने घायल बुद्धेश्वर मुखी से भी पूछताछ शुरू की। हालांकि बुद्धेश्वर ने आरोपियों को पहचानने से इंकार कर दिया। बुद्धेश्वर ने पुलिस को बताया कि वह बी शिफ्ट ड्यूटी से घर लौटा था। इसी दौरान हमला हुआ।

लगातार हो रही बारिश से बागबेड़ा में गिरे दो कच्चे घर, वज्रपात से एक घायल

JAMSHEDPUR : लगातार हो रही बारिश से बागबेड़ा के घाघीडीह पंचायत स्थित सोमाय झोपड़ी के रहने वाले रतीलाल हेंब्रम और नंदलाल तांती का कच्चा घर गिर गया। इस घटना में रतीलाल हेंब्रम की रसोई में रखे बर्तन और टेबल क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि नंदलाल के घर कुर्सी आदि क्षतिग्रस्त हुए है। रतीलाल हेंब्रम ने बताया कि वह नाश्ते की दुकान चलाकर और सब्जी बेचकर गुजारा चलाते है। सुबह अचानक दीवार गिरने से बर्तन मिट्टी के खड़े टेबल यदि पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इधर, सोमाय झोपड़ी के ही रहने वाले सुइना हेंब्रम वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गए। सुइना को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि घर के बाहर सुइना अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आकर सुइना घायल हो गया।

एसी कोच में महिलाओं को शिकार बनाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

देश भर में 37 घटनाओं में पुलिस को थी तलाश

CHAKRADHARPUR :
दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने ट्रेनों में चोरी और लूट करने वाले एक शातिर चोर को काफी दिनों के बाद दबोचा है। बताया जाता है कि चोर ने अब तक अलग-अलग राज्यों में कई ट्रेनों में 37 चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। इस चोर के कारण आरपीएफ और जीआरपी परेशान थे। चक्रधरपुर जीआरपी थाना में थाना प्रभारी सुहैल खान ने प्रेस वार्ता कर आरोपी चोर को मीडिया के सामने पेश किया और कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। इससे इतना साफ हो गया कि ट्रेन की एसी बोगी में सफर करने वाली महिलाएं कितनी असुरक्षित हैं।

ट्रेनों में चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक का नाम रघु खोसला है, जो उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहनेवाला है। बताया जा रहा है कि रघु खोसला का निशाना ट्रेन की एसी कोच में सफर करने वाली महिलाएं होती थीं। रघु खोसला महिलाओं को ट्रेनों में अकेला सफर करते हुए देखकर उन्हें अपना शिकार बनाता था। मौके का फायदा उठाकर एसी में सफर कर रही महिला यात्री का पर्स या हैंडबैग लूटकर या चोरी कर भाग जाता था। रघु खोसला ने बीते 7 और 8 जुलाई को टाटानगर स्टेशन में हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस से ट्रेन में सफर कर रही महिला का पर्स लूटकर चेनपुलिंग कर भाग गया था। इसे लेकर यात्रियों ने रेलवे से ऑनलाइन शिकायत भी की थी।

इसके बाद फिर चोरी करने के उद्देश्य से टाटानगर पहुंचा था, जिसके बाद आरपीएफ उड़नदस्ता और टाटानगर आरपीएफ की टीम ने 6 अगस्त को तकनीक का इस्तेमाल करते हुए आरोपी को दबोच लिया। रघु खोसला ने पुलिस के सामने अपना गुनाह भी कुबूल कर लिया है। रघु खोसला ने बताया कि उसने ट्रेन में महिलाओं के कई हैंडबैग चुराए, जिसमें नकद रुपये, सोना-चांदी के जेवरात, एटीएम कार्ड आदि थे। उसने सोने के जेवरात राउरकेला के एक दुकानदार के पास भी बेचा है। पुलिस ने उससे पूछताछ कर 164 के बयान पर कोर्ट में बयान दर्ज करेगा। प्रेस वार्ता के दौरान आरपीएफ थाना प्रभारी विक्रम सिंह भी मौजूद थे।

कई राज्यों में वारदात को दे चुका अंजाम

रघु खोसला बेहद शातिर चोर है। इसने सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि देश के कई राज्यों में चोरी के वारदात को अंजाम दे चुका है। इसने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़, दिल्ली आदि राज्यों में भी ट्रेनों में चोरी और लूट की है। जीआरपी ने इसके द्वारा ट्रेनों में अंजाम दिए गए 37 मामलों की जांच पड़ताल के बाद पुष्टि भी कर दी है। रघु खोसला इतना शातिर है कि उसने पुलिस से बचने के लिए एक फर्जी प्रेस आईडी कार्ड भी बनवा रखा था। जब भी उसे कोई पकड़ता था, तो वह उसे पत्रकार होने का धौंस दिखाकर बच निकलता था। रघु ने ऑफ द रिकार्ड यह भी बताया कि दूसरे राज्यों में इस चोरी में उसे कुछ खाकी वर्दी वाले भी साथ देते थे। इसके लिए वह उन्हें भी चोरी का कुछ हिस्सा देता था। बहरहाल रघु खोसला को रेलवे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस में आरोपी के पास से बरामद की सामग्री

एक बड़ा पिट्ठू बैग, एक टोपी, दो बड़ा फेसमास्क, नकद 3200 रुपये, एक मोबाइल सिम सहित एक नया सिम कार्ड व 3 सिम इंजेक्टर।

एलबीएसएम, एबीएम व वर्कर्स कॉलेज के 70 छात्र पुरी रवाना

यात्रा के लिए रवाना होते छात्र ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज, गोलमुरी स्थित एबीएम कॉलेज एवं मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के भूगोल विभाग में अध्ययनरत स्नातक (यूजी) छठे सेमेस्टर के 70 छात्र बुधवार को चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए पुरी रवाना हुए। दल का नेतृत्व प्रो. ऋतु, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. सुरभि सिन्हा, डॉ. आलोक कुमार चौबे व प्रो. सोनम वर्मा कर रहे हैं। इसमें एलबीएसएम के 39, वर्कर्स के 15 एवं एबीएम के 16 विद्यार्थी शामिल हैं। बताया गया है कि भूगोल विषय में शैक्षणिक भ्रमण पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है। इसमें छात्र कक्षा की चारदीवारी के साथ ही बाहर जाकर भौतिक स्थल पर प्रेक्षण करना भी सीखते हैं।

टाटा-पटना वंदेभारत ट्रेन का 10 से होगा ट्रायल

JAMSHEDPUR : टाटानगर स्टेशन स्थित वाशिंग लाइन नंबर एक में वंदेभारत ट्रेन के मेंटेनेंस के लिए ट्रैक्शन तार लगाने का काम शुरू हो गया है, ताकि 10 अगस्त तक चक्रधरपुर से कोच को टाटानगर वॉशिंग लाइन लाकर धुलाई और मरम्मत की जा सके। इसके बाद वंदेभारत कोच के ट्रायल की तैयारी है। टाटानगर कोचिंग डिपो के कर्मचारी हटिया से वंदे भारत के मेंटेनेंस की ट्रेनिंग लेकर लौट आए और अब दूसरे रेलकर्मी को ट्रेनिंग देंगे।

मालूम हो कि टाटानगर से 15 अगस्त तक पटना के लिए वंदे भारत चलाने की योजना है। इससे दक्षिण पूर्व जोन 22 करोड़ रुपये खर्च कर टाटानगर के वाशिंग लाइन नंबर एक को वंदेभारत ट्रेन के लिए अपग्रेड कर रहा है। रेलवे बोर्ड या दक्षिण पूर्व जोन में अभी वंदेभारत ट्रेन को झंडी दिखाने का दिन तय नहीं है।

एमबीएनएस इंस्टीट्यूट में मना मेघ-मल्हार

एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की ओर से पिछले तीन दिन से मेघ- मल्हार महोत्सव (सावन महोत्सव) का आयोजन किया जा रहा था। पहले दिन मेहंदी, दूसरे दिन पोशाक और तीसरे दिन मेघ-मल्हार महोत्सव मनाया गया। इसमें शिक्षा विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य-संगीत पेश किया, तो क्विज व जैका प्रतियोगिता मे भाग लिया। महोत्सव मे मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह और निदेशक अनुपा सिंह ने मंच की शोभा बढ़ाई। महोत्सव को सफल बनाने में प्राचार्या पिंकी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपिका भारती, भबताराण भकत, डॉली सिंह, मिली कुमारी, मधुसूदन महतो सहित छात्र-छात्राएं सक्रिय रहे।

मंईयां योजना का फार्म भरने में सर्वर बाधा

महिलाओं को हो रही परेशानी, आवेदन जमा करने के लिए घंटों कर रहीं इंतजार

PHOTON NEWS GHATSILA:
मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर सर्वर डाउन रहने के कारण महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को धरमबहाल पंचायत सचिवालय में लगे शिविर में महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों से फार्म जमा करने के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बैठे रहना पड़ता है. एक या दो फार्म ही ऑनलाइन जमा हो सका है।

बुधवार को भी सुबह से सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा है। दोपहर 12 बजे तक 8 से 10 फॉर्म ऑनलाइन जमा हुआ है। फार्म जमा करने के संबंध में धरमबहाल पंचायत के मुखिया बनाव मुर्मू ने बताया कि आज सिस्टम कुछ ठीक हुआ है। ऑनलाइन फार्म जमा

शिविर में महिलाओं की लगी लाइन ● फोटोन न्यूज

करने का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव का पत्र प्राप्त हुआ है कि ऑफलाइन फार्म भी जमा लिया जाएगा, परंतु अब तक प्रखंड स्तर से किसी तरह का निर्देश नहीं मिला है। इस कारण ऑफलाइन फॉर्म नहीं लिया जा रहा है। प्रज्ञा केंद्र से आवेदन फॉर्म बेचे जाने की शिकायत पर बीडीओ युनिका शर्मा ने फोटोन न्यूज को बताया कि गलत बात है। यदि कोई इस तरह का काम कर रहा है तो जानकारी दें। प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि इसकी गंभीरता से निगरानी की जा रही है, जिसका नतीजा है कि घाटशिला प्रखंड में अब तक सबसे ज्यादा फॉर्म ऑनलाइन जमा हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र से फॉर्म मुफ्त दिया जा रहा है।

मंईयां सम्मान योजना 31 तक बढ़ाएं : सरयू

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को 31 अगस्त अथवा चुनावी आचारसंहिता लागू होने के दिन तक बढ़ाने की अपील की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग कर किए गए ट्वीट में उन्होंने कहा कि इस योजना का आवेदन फॉर्म उन्होंने अपने स्तर पर भी छपवाया है। जिन बहनों को चाहिए वे बारीडीह ऑफिस से लें। योजना का लाभ अधिक से अधिक बहनों तक पहुंचे।

बिना तैयारी शुरू कर दी गई योजना : डॉ. कविता परमार

बागबेड़ा-कीताडीह की जिला पार्षद डॉ. कविता परमार ने झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन में आ रही गड़बड़ी के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने चुनाव को देखते हुए हड़बड़ी में बिना तैयारी के योजना की घोषणा कर दी है।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के खिलाफ फूंका पुतला

JAMSHEDPUR : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ भाजपा नेता व केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के संरक्षक अभय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को साकची गोलचक्कर पर बांग्लादेश के सेना प्रमुख व कट्टरपंथी संगठन जमाते इस्लामी का पुतला फूंका गया। इस दौरान अभय सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में पीएम शेख हसीना का तख्तापलट करने वाले वहां के चरमपंथी एवं कट्टरपंथी संगठन भोले-भाले हिंदुओं के घर पर हमले कर रहे हैं। मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। उनके व्यापार को लूटा जा रहा है।

कोल्हान आयुक्त ने ली मतदाता सूची पुनरीक्षण की जानकारी, दिए निर्देश

कहा- रिजेक्शन का सत्यापन अवश्य करें, वैध कारण पर ही फार्म रद्द करें

PHOTON NEWS JSR:
कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरिकुमार केशरी ने बुधवार को परिसदन में मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर) 2024 की समीक्षा बैठक की, जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। उन्होंने विधानसभावार पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अब तक जोड़े गए नए मतदाताओं, वरिष्ठ, दिव्यांग तथा विलोपित किए गए मृत मतदाताओं के नाम आदि की जानकारी ली। प्रमंडलीय आयुक्त

दिशा-निर्देश देते आयुक्त ● फोटोन न्यूज

ने प्राप्त फार्म 06, फार्म 07 एवं फार्म 08 तथा निष्पादित फार्म व रिजेक्टेड फार्म के संबंध में सभी संबंधित ईआरओ से जानकारी मांगी। उन्होंने विधानसभावार रिजेक्टेड फार्म के कारणों की जानकारी लेते हुए कहा कि फार्म रिजेक्शन का सत्यापन अवश्य करें, वैध कारण पर ही फार्म रद्द करें। वहीं, लंबित फॉर्म का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी ईआरओ व एईआरओ को अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का नियमित भौतिक निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने किया चाईबासा का दौरा, जांच के बाद कहा-

पश्चिमी सिंहभूम में आदिवासियों को नहीं मिल रहा है उनका हक

PHOTON NEWS CHAIBASA:
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के दौरे पर चाईबासा पहुंचीं। यहां उन्होंने शहर के विभिन्न जनजातीय छात्रावासों का निरीक्षण किया। सबसे पहले वह अनुसूचित जनजातीय कन्या छात्रावास पहुंचीं। वहां उन्होंने छात्रावास की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और छात्राओं से छात्रावास की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद महिला कॉलेज के आदिवासी छात्रावास का मुआयना किया और छात्राओं से बात की। उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद टाटा कॉलेज छात्रावास का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने समाहरणालय में जिले के सभी वरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए आशा लकड़ा ने सरकारी व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि झारखंड के इतने बड़े आदिवासी बहुल जिले में आदिवासियों के उत्थान और विकास के लिए कोई भी सरकारी योजना का काम सही तरीके से नहीं चल रहा है, जो चिंता का विषय है। जनजातीय बहुल जिला होने के बाद भी यहां सभी सरकारी विभागों की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। आशा लकड़ा ने कहा कि जिले में आदिवासी बच्चों का स्कूलों में नामांकन इसलिए नहीं हो पा रहा है, क्योंकि यहां बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र ही नहीं बन पा रहा है। इसको लेकर उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि पहले बच्चों का नामांकन किया जाए, उसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। अधिकारी ड्रॉपआउट बच्चों का आंकड़ा भी आयोग के सामने पेश नहीं कर पाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टाटा कॉलेज और आदिवासी कल्याण छात्रावास की स्थिति बहुत ही दयनीय है। दोनों छात्रावास को कंडम घोषित कर देना चाहिए। उन्होंने बताया की टाटा कॉलेज छात्रावास की छत टूटने के कगार पर है, जिसमें आज भी बच्चे खतरों के बीच रहकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। आदिवासी छात्रावास में बोरिंग तो है पर उसका भी मोटर खराब है। इस वजह से बच्चों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। यहां तक कि वहां आरओ की भी व्यवस्था नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के मामले पर उन्होंने कहा कि इतना बड़ा जिला होने के बावजूद यहां के सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की एक ही मशीन है, जो चिंता का विषय है।

निरीक्षण के दौरान बच्चियों से मिलतीं आशा लकड़ा ● फोटोन न्यूज

गरीबों के अनाज में की जा रही कटौती

पुलिस विभाग को आशा लकड़ा ने कहा कि जिले के सभी थानों में एसटी-एससी केस दर्ज कराया जाए। अभी सिर्फ चाईबासा मुख्यालय में ही इसकी रिपोर्ट दर्ज होती है। उन्होंने पलायन और मानव तस्करी को लेकर भी थाना और रेलवे स्टेशन में व्यवस्था करने की मांग की है, जहां बाहर काम करने जा रहे लोगों का रिकॉर्ड दस्तावेज दर्ज किया जा सके। आशा लकड़ा ने खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्यशैली पर भी असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि गरीबों को सरकारी अनाज की आपूर्ति सही मात्रा में नहीं हो रही है। गरीबों के अनाज में कटौती की जा रही है। वहीं वन विभाग भी वन पट्टा बांटने का आंकड़ा नहीं बता पा रहा है। आशा लकड़ा ने इन गंभीर मामलों को अनुसूचित जनजाति आयोग दिल्ली के समक्ष रखने की बात कही है, जिसके बाद इस पर आयोग की तरफ से कार्रवाई की जाएगी।

सिंधारा पर्व पर महिलाओं ने की मस्ती, हुई प्रश्नोत्तरी

कार्यक्रम में शामिल खंडेलवाल समाज की महिलाएं ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : खंडेलवाल वैश्य महिला महासंघ ने बुधवार को सावन का सिंधारा पर्व धूमधाम से मनाया। सीतारामडेरा स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम में खंडेलवाल समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने काफी उत्साह के साथ सज धज कर भाग लिया और खूब मस्ती की। महिलाओं के लिए फिल्मी एवं राजस्थानी गीतों पर नृत्य, फैंसी ड्रेस एवं प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक के रूप में अनीता अग्रवाल एवं पूजा मोदी उपस्थित थीं। मंजू खंडेलवाल के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में पन्ना देवी, गीता, रुक्मणी, रंजना, अनीता, रक्षा, सुरभि, निधि, नमिता, एनिमा, सुजाता, निक्की, संगीता, रचना, रश्मि, बरसा, प्रियंका, शशि, प्रीति खंडेलवाल आदि उपस्थित थीं।

दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर भारतीय संस्कृति को अपने आप में समेटे हुए हैं। इसका वैभव, बेहतरीन शिल्प और परम आनंद का अनुभव इस मंदिर की ओर आकर्षित करता हैं। इस मंदिर का दर्शन हमें भारत की श्रेष्ठ और प्रसिद्ध कला की याद दिलाता हैं। अक्षरधाम मंदिर पर्यटकों को भारत की प्रसिद्ध कला की यात्रा पर ले जाता हैं। इसे स्वामीनारायण अक्षरधाम के नाम से भी जाना जाता है। प्राचीन मूल्यों और मानव सभ्यता के विकास में भागीदारी का जीता जागता उदाहरण हैं- अक्षरधाम मंदिर।

अपने शिल्प सौंदर्य से मन मोह लेता हैं

अक्षरधाम

कुछ बरस पहले इस मंदिर को निर्माण शुरू हुआ तो यह सभी के लिए कौतुहल का विषय था। धीरे-धीरे इसका निर्माण होता गया और एक दिन अपने शिल्प सौंदर्य से सभी को मोहित कर लिया। प्रमुख स्वामी महाराज जी अक्षर पुरूषोतम् स्वामीनारायण संस्था, ग्यारह हजार कलाकार और हजारों स्वयंसेवकों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वामीनारायण भगवान को समर्पित यह पांरपरिक मंदिर भारतीय ऐतिहासिक कला, संस्कृति और वास्तुकला का बेजोड़ उदाहरण है।

निकंठ बरनी अभिषेक

इस मंदिर में यह प्रार्थना पारंपरिक ढंग से दुनिया की शांति के लिए की जाती है। 151 पवित्र नदियों का पानी, झील और तालाब के पानी से अपने, परिवार और दोस्तों के लिए प्रार्थना की जाती है। मंदिर में मौजूद तीन हाल में अलग-अलग जीवन के मूल्यों को सिखाया जाता है। हाल-एक में मानव मूल्यों को फिल्म और रोबोट द्वारा प्रस्तुत किया जाता हैं। इनमें अहिंसा, ईमानदारी, पारिवारिक सामंजस्य और आध्यात्मिकता का प्रतिरूप दिखाया जाता हैं।

हाल नंबर दो में ग्यारह साल के योगी नीलकंठ द्वारा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की अविश्वसनीय कहानियां सुनने को मिलती है। यहां भारतीय वास्तुकला और कला का बेहतरीन और कभी न भूलने वाला अनुभव होता हैं। यह हमारे त्योहारों को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करता है। उन्हें समझने में मदद करता हैं।

हाल- तीन के कल्चरल बोट राइड में भारत के दस हजार साल की विरासतको खूबसूरती से दर्शाया गया हैं। भारत के ऋषि वैज्ञानिकों के अविष्कार और प्रयोग के बारे में जानने को मिलता है। शाम के समय यहां आप संगीतमय फव्वारे का पंद्रह मिनट का आनंद ले सकते हैं। यहां जन्म, जीवन और मृत्यु को दर्शानिक तरीके से चित्रित किया गया हैं। 60 एकड़ में फैला यहां का बगीचा मैदान और तांबे की मूर्तियां दर्शनीय हैं। यहां का लोटस गार्डन भी ध्यान आकर्षित करता हैं। अक्षरधाम मंदिर कलाकृति और खूबसूरती का बेमिसाल उदाहरण है। आप यहां सुबह 9.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक जा सकते हैं। यहां किसी भी मौसम में जाया जा सकता हैं। सोमवार को यह मंदिर बंद होता है। मोबाइल फोन ले जाना और फोटो खींचना यहां मना है।

कन्याकुमारी, जहाँ मिलते हैं अरब सागर और बंगाल की खाड़ी

भारतीय प्रायद्वीप के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित पवित्र स्थान कन्याकुमारी के बारे में कहा जाता है कि स्वामी विवेकानंद जब ज्ञान की खोज में निकले थे तो यहीं पहुंच कर उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहां अरब सागर और बंगाल की खाड़ी हिंद महासागर में आकर मिलते हैं। इसलिए यहां तीन अलग-अलग रंगों की रेत देखने को मिलती है। शहर की भीड़ से दूर तथा तनाव व शोरगुल से भी दूर यह स्थान बड़ा शांतिमय है। यहां यदि शोर है तो वह है सिर्फ समुद्री लहरों का, जोकि कानों में संगीत की तरह गूंजता है। कन्याकुमारी के सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य तो देखते ही बनते हैं।

कन्याकुमारी का मंदिर कन्याकुमारी को ही अर्पित है। इस मंदिर को भारत के छोरों का रखवाला भी माना जाता है। इस मंदिर को मदुरै, रामेश्वरम और तिरूपति आदि मंदिरों की तरह ही पवित्र माना जाता है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां केवल हिन्दू ही जा सकते हैं। यह मंदिर प्रात: चार बजे से लेकर ग्यारह बजे तक तथा उसके बाद सायं 5.30 से लेकर 8.30 तक खुला रहता है। यहां विवेकानन्द जी का स्मारक भी है। यह समुद्र के बीच एक विशाल शिला पर स्थित है। इस शिला पर बैठ कर ही स्वामी विवेकानंद जी ने साधना की थी। स्मारक के कक्ष में विवेकानन्द जी की विशाल मूर्ति भी है। स्मारक स्थल से चारों और फैले विशाल समुद्र का दृश्य आपको मंत्रमुग्ध कर देगा। कन्याकुमारी में महात्मा गांधी का स्मारक भी है। यहीं पर महात्मा गांधी का अस्थि कलश रखा गया था। यह स्मारक कन्याकुमारी मंदिर के ठीक पास ही बना हुआ है। पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र यह स्मारक अपनी अद्भुत कलाकृति के लिए भी जाना जाता है। कन्याकुमारी से लगभग 34 किलोमीटर दूर स्थित उदयगिरि किला भी देखने योग्य है। इस किले को 18वीं शताब्दी में राजा मार्तंड वर्मा ने बनवाया था। इसके साथ ही आप गुगनंत स्वामी मंदिर भी देखने जा सकते हैं। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह करीब एक हजार साल पुराना मंदिर है। इस मंदिर को एक चोल राजा ने बनवाया था। कन्याकुमारी आए हैं तो सुचिंद्रम देखना नहीं भूलें। यह कन्याकुमारी से लगभग 13 किलोमीटर दूर स्थित है। 9वीं शताब्दी के शिलालेख इस मंदिर में पाए जाते हैं। यहां पर भगवान शिव, भगवान ब्रह्मा और भगवान विष्णु की एक साथ पूजा की जाती है। यहां पर हनुमान जी की एक बड़ी मूर्ति है जो कि यहां की मूर्तिकला का जीता-जागता उदाहरण है। नागरकोयिल नागराज का अद्भुत मंदिर है। नागराज का मंदिर होते हुए भी इसमें भगवान शिव और भगवान विष्णु की मूर्तियां हैं। यहां का द्वार चीनी शिल्पकला में बनाया गया है। यहां आपको देखने को मिलेगा कि भक्तों को दिया गया प्रसाद जमीन से निकाला जाता है। यहां नागलिंग फूल भी पाया जाता है। यह मंदिर कन्याकुमारी से बीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए आपको आसानी से बसें मिल जाएंगी और यदि आप चाहें तो बंगलौर, चेाई, त्रिवेन्द्रम, मदुरै आदि जगहों से यहां रेल व सड़क मार्ग से भी आ सकते हैं।

शानदार धरोहर है हुमायूं का मकबरा

भारत में मुगल शासन की नींव रखने वाले हुमायूं को लोग आज भी उनकी राजशाही ठाठबाट से नहीं बल्कि हुमायूं के मकबरे से ज्यादा याद करते हैं। दिल्ली स्थित यह मकबरा मुगल धरोहरों में सबसे शानदार धरोहर है। यह मकबरा भारत में मुगल वास्तुकला का पहला उदाहरण है। इस मकबरे के बनने के कई शताब्दी बाद इसी तर्ज पर ताजमहल का निर्माण हुआ। इस मकबरे का निर्माण हुमायूं की पत्नी हमीदा बानु बेगम ने अपने पति की मौत के नौ साल बाद शुरू करवाया। यह फारस की वास्तुकला का बेजोड़ उदाहरण है। इसके आगे बने बगीचे को चहारबाग कहते हैं। यह बगीचा चार मुख्य भागों में विभाजित है जहां से लोगों का आना जाना होता है। इन रास्तों को खूबसूरत बनाने के लिए बहते पानी का रास्ता बनाया गया है। 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच कई मुगल शासकों को इसी मकबरे में दफनाया गया था। हुमायूं के इस मकबरे को नेक्रोपोलीस (मृत शरीर से प्रेम) नाम भी दिया गया है। भारत के किसी भी शहर में मुगल शासकों और उनके रिश्तेदारों के इतनी कब्र कहीं देखने को नहीं मिलती। भारतीय उपमहाद्वीप में यह पहला ऐसा मकबरा है। हुमायूं के मकबरे का निर्माण लाल पत्थर से किया गया है। दो मंजिला यह मकबरा सफेद मार्बल के गुबंद से ढंका हुआ है, जो देखने में आकर्षक है। इस मकबरे की ऊंचाई 47 मीटर और चौड़ाई 91 मीटर है। वहां के गलियारे, खिड़की में भी फारसी वास्तुकला झलकती है। कुछ जगहों पर भारतीय शैली की भी झलक देखी जा सकती है। कुल मिलाकर यहां 150 कब्र हैं जो चारों तरफ से गार्डन से घिरी हैं। इस मकबरे के बनने के बाद ही इसका पतन शुरू हो गया था। मुगल बादशाहत जैसे-जैसे खत्म हुई उनके बनाए स्मारकों का भी पतन होना शुरू हो गया। मकबरे की आसपास बने बगीचे में लोगों ने सब्जियां उगानी शुरू कर दीं। 1857 में ब्रिटिश ने इंगलिश स्टाइल गार्डन बनाया। 1903-1909 के बीच इस बगीचे को अपनी खोयी हुई असली खूबसूरती लार्ड कर्जन से मिली। अभी कुछ साल पहले मकबरे का पुनरूद्धार होने के बाद से इसकी चमक अब देखने लायक है। यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर माना है। इस मकबरे की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए इस पर काफी काम किया गया है। इसकी शान-ओ-शौकत अब देखने लायक है। हुमायूं के मकबरे को देखने कभी भी जाया जा सकता है। दिल्ली आने पर टैक्सी या आटो से यहां आप पहुंच सकते हैं। बच्चों का प्रवेश नि:शुल्क है। परिसर के बाहर पार्किंग की अच्छी व्यवस्था है। जलपान और शीतल पेय के लिए भी भटकना नहीं पड़ता। परिसर के एक किनारे इसका भी इंतजाम हैं।



मनु भाकर क्यों बन गईं सभी खिलाड़ियों के लिए आदर्श

निशानेबाज मनु भाकर को अब सारा देश जानता है। पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी चौथे स्थान पर रहीं। उनके पेरिस ओलंपिक खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन से सारा देश प्रसन्न है। मनु भाकर सिर्फ अचूक निशानची ही नहीं हैं। वो तो देश के अधिकतर खिलाड़ियों के लिए भी एक तरह से प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पर भी हमेशा भरपूर ध्यान दिया। हरियाणा के झज्जर शहर की रहने वाली मनु भाकर ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में 90 पर्सेंट से अधिक अंक अर्जित किए। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) से राजनीति विज्ञान में आनर्स की डिग्री भी ली। एल. एस. आर. देश का चोटी का महिला कॉलेज माना जाता है। नोबल पुरस्कार विजेता और म्यांमार की शिखर नेता आंग सान सू ची यू ने 1964 में इसी लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। मुन भाकर का लेडी श्रीराम कॉलेज में पढ़ना इस बात की गवाही है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई पर भी हमेशा फोकस रखा। इधर बीते कुछ सालों से हमारे अपने देश के बहुत सारे नामवर खिलाड़ियों ने स्कूल के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की। ये कोई बहुत आदर्श स्थिति नहीं मानी जा सकती। आप कितने ही बड़े खिलाड़ी क्यों न हो जाएं, पर आप बेहतर इंसान और नागरिक तो ढंग से पढ़-लिखकर ही बनते हैं। महान फुटबॉलर चुन्नी गोस्वामी, क्रिकेटर अजीत वाडेकर और सुनील गावस्कर उन खेलों की दुनिया के शिखर नाम रहे हैं, जिन्होंने खेल के मैदान में जौहर दिखाते हुए अपनी पढ़ाई को नजरअंजाद नहीं किया। चुन्नी गोस्वामी और अजीत वाडेकर तो स्टेट बैंक में अहम पदों पर इसलिए पहुंचे, क्योंकि ; इनके पास सही डिग्रियां थीं। सुनील गावस्कर बीते पांच दशकों से सक्रिय हैं। पहले क्रिकेटर के रूप में और बाद के दशकों में बतौर लेखक और कमेंटेटर के। उनके पास क्रिकेट की गहरी समझ के अलावा शब्दों का भंडार भी है। वैसे खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर नौकरी तो बहुत सारे खिलाड़ियों को मिल ही जाती हैं। माफ करें, कई कथित खिलाड़ियों को जाली प्रमाणपत्रों के आधार पर भी नौकरियां मिलती रही हैं। यह भी सबको पता है। सारी दुनिया ने मनु भाकर को बीत दिनों मीडिया को इंटरव्यू देते हुए देखा। इतनी छोटी सी उम्र में वह कितने धीर-गंभीर अंदाज में अपनी बात रखती है। वह गीता का उदाहरण देते हुए सफलता के मर्म को समझाती है। मनु भाकर हिन्दी और अंग्रेजी में पूरे विश्वास के साथ सवालों के जवाब देती है। यही सही शिक्षा सिखाती भी है। आप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ियों को देख लें। जावेद मियांदाद, इंजमाम उल हक, शोएब अख्तर जैसे मशहूर खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में भले ही बेहतरीन प्रदर्शन किए हों, पर वे जब बोलते हैं तो सच में बहुत अफसोस होता है कि बेहतर शिक्षा ना मिलने के कारण वे अपने व्यक्तित्व निर्माण में कितना पिछड़ गए। वे इंटरव्यू देते वक्त पूरी तरह से सड़क छाप ही लगते हैं। बेशक,शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में सार्थक शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ता है, सही गलत में अंतर कर पाता है। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ-साथ पढ़ाई करना भी संभव है। यह सच है कि पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए बहुत समर्पण और मेहनत चाहिए। इसके अलावा, व्यक्ति को अपने खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है। तमाम कठिनाइयों और संघर्षों के बीच, अधिकांश एथलीटों के लिए पढ़ाई पीछे छूट जाती है। पर इस तरह के खिलाड़ियों की भी कोई कमी नहीं है, जिन्होंने अपने खेल और पढ़ाई के बीच सही संतुलन बनाया और दोनों क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है। ये व्यक्ति बौद्धिक और शारीरिक शक्ति का शानदार उदाहरण हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के हाल तक कोच रहे राहुल द्रविड़ को दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सभी प्रारूपों में 23,000 से अधिक रन हैं। राहुल द्रविड़ ने कॉमर्स में स्नातक की डिग्री भी हासिल की है, जिसे उन्होंने बेंगलुरू के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स से प्राप्त किया। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए चुने जाने से पहले, वह एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। कर्नाटक और भारतीय टीम में राहुल द्रविड़ के साथी अनिल कुंबले ने सभी प्रारूपों में 900 से अधिक विकेट लिए हैं और टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। कुंबले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और कोच भी रहे हैं। उनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है। अब शतरंज के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद की बात कर लेते हैं। विश्वनाथन आनंद पहले भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। वह पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन हैं और उन्हें शतरंज के सार्वकालिक महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जा सकता है। शतरंज के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों ने उनकी शिक्षा को बाधित नहीं किया।

सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती युवाओं की जिंदगी

ANALYSIS

डॉ. सत्यवान सौरभ

सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लिए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है।

अगर आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर ज्यादा समय बिताते हैं तो एक नए शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है, 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लिए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है। सोशल मीडिया पर लत की वजह से

बच्चों की नींद पर असर पड़ रहा है। नजर भी कमजोर हो जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट में ये साफ हुआ है कि अगर कोई बच्चा एक हफ्ते तक लगातार सोशल मीडिया का प्रयोग करते है, तो वह एक रात तक की नींद भी खो सकते हैं। अकसर बच्चों के साथ ये होता है कि जब वो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके सोते है, तो आंखें बंद करने के बाद भी उनके दिमाग में वह चीजें चलती रहती है, जो वो देखकर सोए है। सोशल मीडिया की लत एक व्यवहार संबंधी विकार है जिसमें किशोर या युवा वयस्क सोशल मीडिया से मोहित हो जाते हैं और स्पष्ट नकारात्मक परिणामों और गंभीर कमियों के बावजूद ऑनलाइन मीडिया को कम करने या बंद करने में असमर्थ होते हैं। जबकि कई किशोर दैनिक आधार पर (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यू-ट्यूब, वाइन, स्नैपचैट और वीडियो गेम सहित) ऑनलाइन मीडिया के किसी न किसी रूप में संलग्न होते हैं, किशोर सोशल मीडिया की लत अत्यधिक खतरनाक है, एक बढ़ती हुई अच्छा महसूस करने के तरीके के रूप में सोशल मीडिया पर निर्भरता, और दोस्ती में नुकसान, शारीरिक सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्कूल में नकारात्मक प्रभाव के बावजूद इस व्यवहार को रोकने में असमर्थता चिंता का विषय बन गई है। दुनिया में हर पांचवां युवा यानी लगभग 19 फीसद युवाओं ने साल भर के भीतर किसी न किसी तरह के खेल में पैसा लगाया है। इसमें वे ज्यादातर बार ऑनलाइन सट्टेबाजी का शिकार हुए है। आज के समय में सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा उपयोग से युवा वर्ग में न सिर्फ आत्मविश्वास कम हो रहा है बल्कि अकेलेपन का भी आभास बढ़ रहा है। यही कारण है कि हताशा और चिंता भी बढ़ती है। पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर वैसे तो सभी वर्गों की सक्रियता बढ़ी है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित युवा वर्ग हो रहा है। यहां तक की आत्महत्या का ख्याल भी युवाओं में बढ़ रही है। लंबे समय तक सोशल मीडिया पर बने रहने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो रहा है। ऐसे मामलों में 15 से 45 वर्ष आयु के केस अधिक सामने आ रहे हैं। जिसके कारण नींद की कमी के साथ-साथ कार्य की क्षमता भी प्रभावित होती है। आज का दौर मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स के बगैर अधूरा है। ऐसे में आप अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखकर और कुछ उपायों को अपनाकर सोशल मीडिया के एडिक्शन से बच सकते है। हम में से ज्यादातर लोग आज सोशल मीडिया के आदी हैं। चाहे आप इसका इस्तेमाल दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने के लिए करें या वीडियो देखने के लिए, सोशल मीडिया हम में से हर एक के लिए जाना-पहचाना तरीका है। प्रौद्योगिकी और स्मार्ट उपकरणों के प्रभुत्व वाली दुनिया में नेटफ्लिक्स को बिंग करना या फेसबुक पर स्क्रॉल करना, इन दिनों मिनटों और घंटों को खोना बहुत आम है। ये वेबसाइट और ऐप हमारा ज्यादातर समय खा रहे हैं, इतना कि यह अब एक लत में बदल गया है। सोशल मीडिया की लत जल्दी से उस कीमती समय को खा सकती है जो कौशल विकसित करने, प्रियजनों के साथ समय का आनंद लेने या बाहरी दुनिया की खोज में खर्च किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि यह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों जैसे कम आत्मसम्मान, अकेलेपन की भावना, अवसाद और चिंता का कारण बन सकता है। सप्ताह में कम से कम एक या दो बार, सोशल मीडिया फ्री दिवस मनाएं। यह शनिवार/रविवार को हो सकता है या जो भी दिन आपको लगता है कि आपके लिए उपयुक्त है। समय के साथ, हमें अपनी स्क्रीन पर दिखने वाले छोटे-छोटे इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप या फेसबुक आइकन की आदत हो जाती है। नया क्या है यह देखने के लिए नियमित रूप से अपने फोन की जांच करना हमारी आदत बन गई है। आप अपने सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने के लिए दिन में एक बार अपने नोटिफिकेशन देख सकते हैं। सोशल मीडिया के लिए अपनी आवश्यकता पर विचार करें क्योंकि कभी-कभी सोशल मीडिया की लत हमारे ध्यान या दूसरों के साथ संबंध की आवश्यकता के कारण हो सकती है। इस पर अपने विचार लिखने के लिए कुछ समय व्यतीत करें और इस पर काम करने का प्रयास करें कि आप अपने उपयोग को कैसे कम कर सकते हैं। किशोर सोशल मीडिया व्यसन उपचार का पहला और सबसे प्राथमिक कार्य किशोरों द्वारा सोशल मीडिया पर बिताए जाने वाले समय को कम करना है। किशोरों द्वारा ऑनलाइन बातचीत करने में लगने वाले समय को सीमित करके, हम उन्हें अपने साथियों के साथ वास्तविक सामाजिक संपर्क को प्राथमिकता देने में मदद करते हैं। यह न केवल स्वस्थ है, बल्कि इस तरह, वे स्वयं की बेहतर समझ विकसित करने की अधिक संभावना रखते हैं। हम जानते हैं कि सोशल मीडिया की लत से जूझ रहे किशोरों के लिए ताजी हवा में अधिक समय बिताना महत्वपूर्ण है। सोचिये, हमारे आस-पास समुद्र तटों से लेकर पार्कों और लंबी पैदल यात्रा मार्गों तक, सुंदर प्राकृतिक स्थल क्यों बनाए गए हैं।

लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

आइए, हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मनाएं

हम सात अगस्त, 2024 को 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत सात अगस्त, 1905 को टाउन हॉल, कोलकाता में आयोजित एक बैठक में इसी दिन हुई थी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक हिस्से के रूप में इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना था। इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2015 में सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के हथकरघा कामगारों को सम्मानित करना तथा हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करना है। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। मैं आपका ध्यान 28 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री के ₹मन की बात₹ की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नए स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करने का भी आग्रह किया। पिछले कुछ वर्षों में भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मना रहे हैं। अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है। पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों। हथकरघा क्षेत्र सस्टेनबिलिटी को बढ़ावा देने के अलावा महिलाओं और हाशिये पर पहुंच चुके समुदायों को सशक्त बनाने, उनके लिए आर्थिक संभावनाएं प्रदान करने और अपनी शिल्पकला पर उन्हें गर्व करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों और विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। इसके अलावा, हथकरघा क्षेत्र में कई महिला-नेतृत्व वाली सहकारी समितियां और स्वयं सहायता समूह भी बने हुए हैं। ये संगठन न केवल प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, बल्कि एक सहायता नेटवर्क भी प्रदान करते हैं जो एकजुटता और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ावा देता है। महिला स्वयं सहायता समूह एकजुट होकर, अपने उत्पादों की बेहतर कीमतों के लिए सौदेबाजी कर सकती हैं, बड़े बाजारों तक पहुंच बना सकती हैं तथा उचित मजदूरी और कार्य करने संबंधी उचित परिस्थितियों की भी मांग कर सकती हैं। बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए शैक्षिक कार्यक्रम और पहलें महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नई तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके, महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाकर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं जो उनके शिल्प की सस्टेनबिलिटी को सुनिश्चित करेगी। एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नई जान आती है, तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। एम्ब्रॉइडरी, सुई के काम से जुड़ी एक जटिल कला है, जो हथकरघा कपड़ों में गहराई और विशेषता पैदा करती है। जरदोजी, कांथा या चिकनकारी जैसी विभिन्न तकनीकों को शामिल करके, कारीगर साधारण हथकरघा वस्त्रों को विस्तृत, अद्वितीय टुकड़ों में बदल देते हैं। इससे न केवल सौंदर्य अपील बढ़ती है बल्कि उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ता है, जिससे कारीगरों को बेहतर आर्थिक अवसर मिलते हैं। इन मूल्य संवर्धन तकनीकों को हथकरघा वस्त्रों के साथ संयोजित करने से ऐसे उत्पाद तैयार होते हैं जो पारंपरिक और समकालीन दोनों बाजारों को आकर्षित करते हैं। यह फ्यूजन न केवल सदियों पुराने शिल्प को संरक्षित और पुनर्जीवित करता है बल्कि हस्तनिर्मित, पर्यावरण-अनुकूल वस्त्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करके सस्टेनबल फैशन को भी बढ़ावा देता है। हथकरघा उद्योग में प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण बुनकरों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिनाई को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक प्रगति ने हथकरघा बुनाई से जुड़े शारीरिक श्रम को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे यह प्रक्रिया अधिक इफिशिएन्ट और अपेक्षाकृत कम श्रम वाली हो गई है।

Social Media Corner

सच के हक में...

विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज का झटका दुख देता है। काश शब्द उस निराशा की भावना को व्यक्त कर पाते जो मैं अनुभव कर रहा हूँ। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप लचीलेपन का प्रतीक हैं। चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके पक्ष में हैं।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

विश्वविजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंची भारत की शान विनेश फोगाट का तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें पूरी उम्मीद है कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चैलेंज कर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा। विनेश हिम्मत हारने वालों में से नहीं हैं, हमें पूरा भरोसा है कि वह अखाड़े में और अधिक मजबूती से वापसी करेंगी। आपने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है विनेश। आज भी पूरा देश आपकी ताकत बनकर आपके साथ खड़ा है।

(राहुल गांधी का 'एक्स' पर पोस्ट)

योगी के तंज में छुपी भविष्य की राजनीति

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। इसकी गूंज विधानसभा तक में सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने सदन में दो आरोपितों का नाम लिया, जिस पर जमकर राजनीति भी हो रही है। योगी ने जिन आरोपितों का नाम लिया उनमें एक मुस्लिम और एक यादव था, जिसका मकसद मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधना था। योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा, "यह सद्भावना वाले लोग हैं? यानी अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे? नहीं इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी।" सभी आरोपितों के नाम सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री योगी को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों का कहना है कि अपराधियों की न जाति होती है और न धर्म लेकिन योगी आदित्यनाथ ने सदन में उनकी धार्मिक और जातीय पहचान को रेखांकित किया जो निंदनीय है। सनद है कि मुस्लिम-यादव (एमवाई) फॉमूर्ले के सहारे समाजवादी पार्टी लंबे समय से सूबे में अपनी राजनीति कायम रखे हुए है। माना जाता है कि समाजवादी पार्टी का मुस्लिम और यादव पारंपरिक वोटर हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी यूपी में चार बार सरकार बना चुकी है। सपा ने एमवाई डी यानी दलित व दूसरी जातियों पर फोकस किया तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें 47 से बढ़कर 111 हो गईं। मतदान प्रतिशत भी अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और 2022 के चुनाव में सपा को उनका पूरा समर्थन 2017 के चुनाव की तुलना में इसके टैली में सुधार का एक महत्वपूर्ण कारक था। पिछले कुछ चुनावों में गैर-यादव ओबीसी के वोटों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुमान के अनुसार, ओबीसी उत्तर प्रदेश की आबादी का लगभग 40-50 प्रतिशत हिस्सा हैं। यादव राज्य की आबादी का लगभग 8-10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसलिए अखिलेश को अपनी पार्टी के आधार को अपने पारंपरिक मुख्य समर्थकों, यादवों से आगे बढ़ाकर अन्य ओबीसी समुदायों को भी शामिल करने की आवश्यकता थी। प्रदेश में दलितों की भी अच्छी खासी आबादी है, जो करीब 20 प्रतिशत है और परंपरागत रूप से बसपा के वफादार रहे हैं। अखिलेश दलितों के एक वर्ग तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जो लंबे समय से पार्टी की गिरावट से हतोत्साहित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरे। अखिलेश को लगा कि अल्पसंख्यक के नाम पर भाजपा मुसलमानों की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर सकती है। फिर उन्होंने पीडीए के 'ए' को कभी अगड़ा बताया तो कभी आधी आबादी मतलब महिलाएं। इसी फामूर्ले पर अखिलेश यादव ने टिकट बांटे। इस बार एमवाई वाले सालों पुराने सामाजिक समीकरण को तिलांजलि दे दी गई। मुस्लिम और यादव तो हर हाल में समाजवादी पार्टी के साथ रहेंगे। इस सोच के आधार पर अखिलेश यादव ने इस बार के चुनाव में अपनी रणनीति बदल ली। जिसका फायदा पार्टी को मिला और सपा ने ऐतिहासिक 37 सीटों पर जीत दर्ज की। राजनीतिक विशलेषक केपी त्रिपाठी के अनुसार, आज भले ही अखिलेश पीडीए का राग अलाप रहे हैं। लेकिन उनकी मजबूती का आधार एमवाई समीकरण ही है। इसलिए मुख्यमंत्री योगी ने हुडदंगियों का नाम लेते हुए यादव और मुस्लिम का नाम लिया। योगी ने सपा के कोर वोट बैंक पर सीधा प्रहार किया है।" त्रिपाठी कहते हैं कि, "योगी आदित्यनाथ और भाजपा सपा पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाती रहती है।

पड़ोस से सबक

बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता और समझदारी की सराहना करनी चाहिए। सरकार ने संसद में कोई बयान देने से पहले बांग्लादेश के विषय पर जिस तरह सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया है, वह अनुकरणीय है। विपक्ष के लगभग सभी महत्वपूर्ण नेताओं की भी प्रशंसा करनी चाहिए कि सभी ने बैठक में भाग लिया और अपनी-अपनी बात रखी। किसी भी विवादित विषय पर कोई निर्णय लेने से पहले सर्वसम्मति बनाने की चेष्टा सजीव लोकतंत्र का वही गुण है, जिसका अभाव बांग्लादेश में अक्सर उभरता रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक देश को ऐसी स्थिति में कतई नहीं फंसना चाहिए, जहां सियासी पार्टियों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जाएं कि फौज दखल देने को मजबूर हो जाए। वाकई अगर बांग्लादेश में सत्ता पक्ष और विपक्ष को अपनी-अपनी सीमाओं का अंदाजा होता, तो यह नौबत नहीं आती। अब ऐसी नौबत आ ही गई है, तो कोशिश होनी चाहिए कि कम से कम खूनखराबा न हो। बहुत अफसोस की बात है कि शेख हसीना के देश से पलायन के बावजूद वहां हिंसा थमी नहीं है और कथित रूप से 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि वहां छात्रों को अब क्या नाराजगी है? क्या बांग्लादेश में छात्रों के नाम पर असामाजिक तत्वों ने फिर फन फैला लिया है? भारत ने ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र ने भी स्पष्ट कहा है कि हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए और जल्द से जल्द अंतरिम सरकार का गठन होना चाहिए। सरकार का एक व्यवस्थित ढांचा जब सामने आएगा, तभी उपद्रवियों पर लगाम लगेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में बताया है कि कई जगहों पर अल्पसंख्यकों के व्यवसायों और मंदिरों पर हमले की रिपोर्ट के बाद भारत सरकार बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति को लेकर बहुत चिंतित है। हालांकि, अफवाहों से भी सावधान रहने की जरूरत है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Lured into a life-killing rat race

ENOUGH has already been said and discussed about the tragic death of three IAS aspirants in New Delhi. It is like realising the implications of the all-pervading civil services myth, the agony of the perplexed/exploited generation, the crude business of India's black education system — the demonic coaching industry — and above all, the unholy alliance of the merchants of education and corrupt government functionaries. Imagine the callousness and corruption — a fancy and well-advertised IAS coaching centre running a library in the basement of the building, and feeling quite at ease with this illegal act. Think of the way these aspirants bargain with the gang of brokers/property dealers for finding an accommodation in tiny/dark cells that characterise the lanes and bylanes of Old Rajinder Nagar in Delhi — supposedly the 'sacred' sites for aspiring civil servants. Think of the monsoon malady and the pathetic drainage system in the area. And think of the intense flow of rainwater entering the basement library, and three youngsters dying a terrible death. Everything, it seems, is possible in this soon-to-be Viksit Bharat!Even though I understand the agony of these IAS aspirants, I feel like urging them to go deeper, question the myth that seems to have completely hypnotised them, rethink the meaning of 'success' and their life projects, and reflect on the price they pay — financial, mental and existential — for pursuing a goal that has often been imposed on them. To begin with, they need to understand the shallowness in the arguments they often make: "We want to become civil servants in order to serve the country." Well, IAS/IPS officers do not monopolise patriotism. One who collects the garbage from our houses and keeps the 'gated societies' clean is no less a patriot. Moreover, only a naïve person would say that our bureaucrats are saints and altogether free from the influence of the hugely problematic politics-business nexus.

